
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024



हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



> लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के स्टार प्रचारकों का लगातार दौरा हो रहा है। भाजपा प्रचार में बहुत हावी है। भाजपा नेता पिछले एक माह से ज्यादा समय से किराए के दो उड़नखटोलों के साथ एक विशेष विमान का उपयोग कर रहे हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस के पास अब तीसरे चरण के चुनाव के लिए एक हेलीकॉप्टर आया है। यह अब चुनाव प्रचार थमने तक रहेगा और प्रदेश के नेता इसका उपयोग करेंगे।

# लोकसभा चुनाव में उड़नखटोला, भाजपा के पास दो, कांग्रेस को तीसरे चरण के लिए मिला एक

### भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी प्रचार में ताकत, लगातार राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में हो रहा है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ। इसके बाद अब दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को हो रहा है, इसके बाद अंतिम चरण का मतदान 7 मई को होगा। तीनों चरणों के चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने प्रदेश की 11 सीटों पर चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी है। कोई भी प्रचार में पीछे नहीं रहना चाहता है।

**भाजपा के पास संसाधन ज्यादा**

जहां तक संसाधनों की बात करें तो भाजपा के पास संसाधनों की कमी नहीं है। भाजपा ने बीते एक माह से ज्यादा समय से किराए के दो हेलीकॉप्टर और एक विशेष विमान लेकर रखा है। इनका लगातार उपयोग भी हो रहा है। भाजपा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभी 90 विधानसभाओं में सभाएं तय की हैं। उनकी लगातार सभाएं हो रही हैं। इसमें वे हेलीकॉप्टर से ही जा रहे हैं। भाजपा के अन्य नेता भी हेलीकॉप्टर का उपयोग कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के यहां पर आने पर होने वाली सभाओं की तैयारी के लिए भी प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी उड़नखटोले से उड़ान भर रहे हैं।



### कांग्रेस ने मंगाया एक हेलीकॉप्टर

*कांग्रेस ने अब तीसरे चरण के चुनाव के लिए एक हेलीकॉप्टर मंगाया है। यह हेलीकॉप्टर भी एआईसीसी से मिला है। इसके पहले अब तक के चुनाव प्रचार में महज दो बार ही हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया था। एक बार राहुल गांधी और एक बार प्रियंका गांधी की सभा के लिए ही एआईसीसी से हेलीकॉप्टर आया था। लेकिन अब तीसरे चरण के चुनाव में एक हेलीकॉप्टर लगातार रहेगा। इस हेलीकॉप्टर का उपयोग प्रदेश के नेता सभाओं के लिए करेंगे।*

#### डेढ़ से दो लाख रुपए किराया

*हेलीकॉप्टर का किराया एक घंटे का डेढ़ से दो लाख रुपए तक है। हेलीकॉप्टर का यह किराया तब लागू होता है जब हेलीकॉप्टर उड़ान भरता है। अन्यथा उसका कोई किराया नहीं लगता है। जब कोई नेता किसी सभा के लिए इसका उपयोग करते हैं तब हेलीकॉप्टर के हवा में रहने वाले समय के हिसाब से किराया लिया जाता है। विशेष विमान का किराया ज्यादा है।*

## आमने/सामने

### कई भाजपा नेता बोले हैं संविधान बदलना चाहते हैं: चंदन यादव



कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने कहा, संविधान को बदलने का काम भाजपा करती है। भाजपा के कई बड़े नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा, वो संविधान बदलना चाहते है। जब जनता को बात समझ आ गई तब भारतीय जनता पार्टी के नेता सफाई दे रहे हैं, लेकिन वह सफाई सच्चाई से परे है। भाजपा ने पहली बार ऐसा नहीं किया है, जब पहली बार एनडीए की सरकार बनी थी तब बाजपेयी की सरकार ने कॉन्स्टिट्यूशन रिव्यू कमेटी बनाई थी।

### संविधान को लेकर कांग्रेस भ्रम फैलाने का कर रही है काम: शिवरतन



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, देश में आपातकाल लगाने वाले और संविधान में करीब 80 बार संशोधन करने वाली कांग्रेस को अब संविधान को लेकर चिंता हो रही है। अब भारतीय जनता पार्टी पर संविधान बदल देने का आरोप लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि संविधान बदलने की बात गलत है। कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

## अमेठी से राहुल, रायबरेली से प्रियंका लड़ेंगी चुनाव!

### 1 मई को कर सकते हैं नामांकन दाखिल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं, वे एक मई को नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि अब राहुल ने मन बना लिया है। इसके ऊपर कहा जा रहा है कि रायबरेली से भी प्रियंका गांधी मैदान में उतर सकती हैं। जानकारी के लिए बता दें कि दोनों अमेठी और रायबरेली में 26 अप्रैल से नामांकन दाखिल होना शुरू हो जाएगा। ऐसी खबर है कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद दोनो नेता अपनी-अपनी सीट से नामांकन भर सकते हैं। अगर ऐसा हो जाता है तो ये अपने आप में चुनाव की सबसे बड़ी खबर होगी क्योंकि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए यही दो सीटें जरूरी है। कांग्रेस के लिए अभी तक अमेठी और रायबरेली ही बड़ी सिरदर्दी बनी हुई थी, यहां से किसी भी प्रत्याशी का नाम तय नहीं हो पा रहा था। कांग्रेस पूरी कोशिश कर रही थी कि राहुल और प्रियंका को मनाया जाए, अब लगता है कि बात बन चुकी है। दोनों नेता सबसे बड़े रण में चुनावी मैदान में संघर्ष करते दिखने वाले हैं। अमेठी से तो पिछली बार राहुल गांधी चुनाव हार गए थे, उन्हें स्मृति ईरानी ने पराजित कर दिया था।

## 'सूरत तो बस झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है'

### आप सांसद संजय सिंह ने कहा



**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि केंद्र शासित भाजपा सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है, चुनाव प्रक्रिया हमेशा के लिए बंद करना चाहती है। आप मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर संजय सिंह ने कहा कि इस कड़ी में ताजा उदाहरण सूरत का है, जहां कांग्रेस सहित अन्य सभी उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इससे पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी यही हुआ। इतना ही नहीं, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश व महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में भी भाजपा शासित केंद्र सरकार ने बिना मतदान करवाए सरकार बदल दी। उन्होंने कहा कि अगर इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 से अधिक सीटें मिल गईं तो ये लोग संविधान बदलकर चुनाव की परंपरा ही खत्म कर देंगे। संजय सिंह आगे बोले, न फिर आरक्षण रहेगा और न किसानों और गरीबों के हक की बात। इसलिए जनता सावधान रहे और सोच समझकर ही मतदान करे।

### पंजाब की सियासत का है अलहदा मिजाज

# गुरुओं की धरती की अलग ठसक कभी नहीं हुआ है क्लीन स्वीप

*पंजाब में अब तक जितने भी लोकसभा चुनाव हुए हैं, उसमें पार्टी बहुमत हासिल करने में तो कामयाब रही है, लेकिन आज तक कोई भी पार्टी क्लीन स्वीप में नहीं कर पाई है। पंजाब से 1966 में अलग होने के बाद हरियाणा को अलग राज्य का दर्जा दिया गया, जिसके बाद शुरुआती दौर में पंजाब की राजनीति में दो पार्टियों के बीच अहम टक्कर रही।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

1967 के बाद 2019 तक प्रदेश में 14 लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस दो बार 12 सीटों में जीत दर्ज करने में सफल रही, लेकिन 13 का आंकड़ा नहीं छू पाई। इसी तरह अगर शिरोमणि अकाली दल की बात की जाए, तो वह भी तीन बार अधिकतम आठ सीटों पर जीत दर्ज कर पाई। 1989 के चुनाव में शिरोमणि अकाली दल अमृतसर ने छह सीटें जीतकर सभी को हैरान कर दिया था। इसी तरह वर्ष 2014 में आम आदमी पार्टी की एंट्री ने भी सियासी माहिरों को 13 में से 4 सीटों पर जीत दर्ज करके चौंका दिया था।

### 1991 में कांग्रेस ने जीती थी 12 सीटें

बता दें कि 1991 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 13 में से 12 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही थी और इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के हिस्से एक सीट आई थी। इसी तरह अगर 1967 लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो इस चुनाव में अधिकतम नौ सीटें जीतकर कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। कांग्रेस का वोट शेयर इस चुनाव में 37.3 प्रतिशत रहा था, जबकि एडीएस ने तीन और बीजेएस ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी।




### 2019 में भी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी कांग्रेस

इसके अलावा वर्ष 2019 चुनाव में भी कांग्रेस ने आठ सीटें जीतकर पंजाब में सबसे बड़ी पार्टी बनने का दर्जा हासिल किया था। उस समय विधानसभा में भी उनकी सरकार थी, लेकिन इस बार चुनाव में परस्थितियां अलग हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है।

### शिअद ने तीन बार आठ सीटें जीत लगाई हैट्रिक

*शिअद ने तीन लोकसभा चुनाव में आठ सीटें जीतकर हैट्रिक लगाई है। पंजाब के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बाद अधिकतम सीटें जीतने का रिकॉर्ड शिअद के ही नाम है। कांग्रेस के लगातार दबदबे के बाद वर्ष 1996 के चुनाव में शिअद ने जबरदस्त वापसी की थी। इस चुनाव में 28.7 वोट शेयर के साथ पार्टी ने आठ सीटें जीती थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी ने तीन और कांग्रेस के हाथ इस चुनाव में दो सीटें आई थीं। इस चुनाव में हरिंदर सिंह खालसा ने 92,229 मतों के अंतर से सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। पार्टी ने अपनी यही परफॉरमेंस 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में भी जारी रखी। 2004 में शिअद ने आठ, भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने दो सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में सबसे बड़ी जीत सुखबीर बादल के नाम रही थी। उन्होंने शिअद से फरीदकोट सीट पर 1,35,279 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी।*

### शिअद अमृतसर व आप ने भी सभी को चौंकाया

लोकसभा चुनाव में शिअद अमृतसर और आप ने भी अपनी नतीजों से सभी चौंका दिया था। शिअद मान ने वर्ष 1989 के चुनावों में छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। अब तक की सभी बड़ी जीत का नाम भी शिअद मान से सिमरनजीत सिंह मान के नाम है। उन्होंने तरनतारन सीट 4,80,417 मतों के अंतर से जीती थी। इसी तरह उनके बाकी उम्मीदवार भी एक लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतकर संसद पहुंचे थे। इसी तरह आप की 2014 में एंट्री भी दिलचस्प रही थी। आप ने चार सीटों पर जीत दर्ज की थी। संगरूर सीट से आप से चुनाव लड़ते हुए भगवंत मान ने सबसे अधिक 2,11,721 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। पंजाब की राजनीति राष्ट्रीय राजनीति से अलग है। प्रदेश के मुद्दे आज भी वही हैं, जो 15 से 20 से पहले थे और इनका समाधान अभी भी सही रूप से नहीं हो पाया है। चाहे किसानों व मजदूर वर्ग से जुड़ा मुद्दा हो या फिर बेरोजगारी का हो, आज भी इन मुद्दों को सही रूप से नहीं छुआ गया है। ये भी एक कारण है कि पंजाब में विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव, यहां चौंकाने वाले नतीजे ही सामने आते हैं। - प्रोफेसर मंजीत सिंह, राजनीतिक विशेषज्ञ।

### मुरैना की चुनावी सभा में बोले पीएम मोदी

# 'बीजेपी के लिए देश और कांग्रेस के लिए परिवार ही सबकुछ'

एजेंसी ▶▶ मुरैना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के मुरैना में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए देश से बड़ा और कुछ नहीं है जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सबकुछ है। पीएम ने कहा कि मुरैना ने हमेशा उन्हीं का साथ दिया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है। आप सबका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज भी न अपने संकल्प से डिगा है और न ही कभी डिगेगा। इस दौरान उन्होंने विरासत टैक्स का जिक्र करते हुए कहा कि, कांग्रेस के जब खुद के परिवार की संपत्ति पर आंच आई तो इन्होंने लॉ ही बदल दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने देश की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और उनके बेटे पीएम रहे राजीव गांधी का किस्सा मंच से सुनाया।

### कांग्रेस ने बदला कानून

पीएम मोदी ने कहा कि, 'देश की प्रधानमंत्री बहन इंदिरा जी नहीं रहीं, तो उनकी जो प्रापर्टी थी, वो उनकी संतानों को मिलनी थीं। तब चर्चा थी, उनके बेटे राजीव गांधी ने उस पैसे को बचाने के लिए क्या किया, उस संपत्ति को बचाने के लिए तब के पीएम राजीव गांधी ने अपनी संपत्ति बचाने के लिए पहले जो संपत्ति कानून था, उसे समाप्त किया और खुद के पैसे बचा लिए। खुद पर आई तो वहां कानून हटा दिए। आज वही लोग फिर से सत्ता में आने के लिए उसी कानून को दोबारा कड़े तरीके से वापस लाने की बात कर रहे हैं। वह आपकी संपत्ति लूट लेना चाहते हैं, इसीलिए तो कहते हैं कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।'

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखी पीएम मोदी को चिट्ठी

# 'कांग्रेस को वंचित-गरीबों की चिंता, जबकि भाजपा को नहीं'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी के जरिए व्यक्तिगत तौर पर अपनी पार्टी के न्याय पत्र को समझाने के लिए समय मांगा है। दो पन्ने की चिट्ठी में खड़गे ने लिखा कि इन दिनों प्रधानमंत्री के भाषण से वह न तो चौंके और न ही उन्हें आश्चर्य हुआ। अपनी चिट्ठी में खड़गे ने कहा, "पिछले कुछ दिनों में आपके भाषणों से न तो मैं चौंका और न ही मुझे आश्चर्य हुआ। चुनाल के पहले चरण में भाजपा की स्थिति को देखते हुए आप और आपकी पार्टी के नेता ऐसा कहेंगे, इसका अंदाजा था। कांग्रेस हमेशा से ही वंचित गरीबों और उनके अधिकारों की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है।"

### भाजपा सूट-बूट की सरकार

खड़गे ने आगे कहा, "कांग्रेस वंचित गरीबों को उनका अधिकार दिलाने की कोशिश कर रही है। आपकी सूट बूट की सरकार केवल कॉरपोरेट के लिए काम करती है, जिनका आपने टैक्स कम किया है। जबकि वेतनभोगी व्यक्ति को अधिक कर चुकाना पड़ता है। गरीबों को खाना और नमक के लिए भी जीएसटी का भुगतान करना पड़ता है, जबकि कॉरपोरेट वालों को जीएसटी रिफंड की सुविधा मिलती है। इसलिए जब भी हम अमीर और गरीब के बीच असामानता की बात करते हैं, आप इसे हिंदू-मुस्लिम के साथ जोड़ देते हैं।

## दुनिया का अब तक का सबसे महंगा इलेक्शन 2024 चुनाव...

# 2019 के मुकाबले दोगुना हो रहा खर्चा, होश उड़ा देंगे आंकड़े

### चुनाव में अनुमानित खर्च 1.35 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव पिछले रिकॉर्ड तोड़ने और दुनिया का सबसे महंगा चुनावी आयोजन बनने की राह पर है। एनजीओ सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) ने यह दावा किया कि इन लोकसभा चुनाव में अनुमानित खर्च 1.35 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। यह राशि 2019 के चुनावों में हुए खर्च से दोगुने से भी अधिक है। तब आम चुनावों में करीब 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सीएमएस 35 वर्षों से चुनाव खर्च पर नजर रख रहा है। संस्थान के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि इस व्यापक खर्च में राजनीतिक दलों और संगठनों, उम्मीदवारों, सरकार और चुनाव आयोग सहित चुनावों से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सभी खर्च शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की रेस में है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ इंटरव्यू में राव ने कहा कि उन्होंने प्रारंभिक व्यय अनुमान को 1.2 लाख करोड़ रुपये से संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जिसमें चुनावी बांड के खुलासे और सभी चुनाव-संबंधित खर्चों का हिसाब शामिल है। शुरुआत में हमने अनुमान लगाया कि व्यय 1.2 लाख करोड़ रुपये होगा। हालांकि, चुनावी बांड हिस्सेदारी के खुलासे के बाद हमने इस आंकड़े को संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।

### 60 प्रतिशत चुनाव फंड अज्ञात स्रोत से

बताया गया कि यह अनुमान मतदान की तारीखों की घोषणा से 3-4 महीने पहले हुए खर्च को कवर करता है। राव ने इस बात पर जोर दिया कि चुनावी बांड से परे विभिन्न माध्यमों से इस प्रक्रिया में पैसा आया. सोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया टिप्पणियों से भारत में राजनीतिक फंडिंग में "पारदर्शिता की महत्वपूर्ण कमी" का पता चला है। इसमें दावा किया गया है कि 2004-05 से 2022-23 तक, देश के छह प्रमुख राजनीतिक दलों को लगभग 60 प्रतिशत योगदान, कुल 19,083 करोड़ रुपये, अज्ञात स्रोतों से आया, जिसमें चुनावी बांड से प्राप्त धन भी शामिल था.

#### खर्च में नेताओं की खरीद-फरोख्त भी शामिल

हालांकि, एडीआर ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कोई संचयी व्यय अनुमान प्रदान करने से परहेज किया है। राव ने कहा कि चुनाव पूर्व गतिविधियां पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार खर्च का अभिन्न अंग हैं, जिसमें राजनीतिक रैलियां, परिवहन, क्षेत्र और प्रभावशाली लोगों सहित कार्यकर्ताओं की नियुक्ति और यहां तक कि राजनीतिक नेताओं की विवादास्पद खरीद-फरोख्त भी शामिल है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बिलासपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024


# तीन सीट, तीन किस्से....मैदान में ऐसे भी जिनका चुनाव खर्च तकरीबन जीरो...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छग की राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद सीट का फैसला शुक्रवार को होगा। इन तीनों सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज तो हैं ही, कुछ ऐसे लोग भी ताल ठोक रहे हैं जिनका चुनाव का खर्च तकरीबन जीरो है। मतलब है, नामांकन खर्च को छोड़कर प्रचार के लिए उन्होंने पैसा ही खर्च नहीं किया। किसी ने बस से सफर कर हाथ जोड़कर मेले-ठेले में वोट मांगा तो किसी ने मोटरसाइकिल से ही पूरा इलाका घूम लिया।

कांकेर लोकसभा एसटी के लिए आरक्षित सीट है, यहां से अंबेडकराईट पार्टी ऑफ ▶▶| शेष पेज 5 पर

अलग खबर

## गरीब प्रत्याशी आधा प्रतिशत भी खर्च नहीं कर पाते

### खर्च की लिमिट 95 लाख रुपए

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को खर्च करने की लिमिट 95 लाख रूपए है। सामान्य सीटों पर नामांकन के लिए 25 हजार रुपए और आरक्षित सीटों पर एससी एसटी आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों के लिए 12 हजार 500 रुपए शुल्क निर्धारित है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के दौरान किए गए खर्चों का ब्योरा आधिकारिक रूप से निर्वाचन आयोग को देना है।







### केवल नामांकन में खर्च किए 25 हजार रुपए

राजनांदगांव लोकसभा सीट से भुवन साहू निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने नामांकन के लिए 25 हजार रुपए खर्च किए हैं। निर्वाचन आयोग को दिए ब्यारे में उन्होंने खुद को कृषि मजदूर बताया है। उनके पास हाथ में नगदी 10 हजार रुपए है। लेकिन चुनाव प्रचार के लिए राशि खर्च नहीं की है।

### अकेले ही निकलते हैं प्रचार के लिए

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे सुखनंदन देशकर ने नामांकन की राशि 12 हजार 500 रुपयों के अलावा कोई राशि खर्च नहीं की है। उन्होंने बताया कि वे अकेले ही अपनी मोटर साइकिल से चुनाव प्रचार करने निकलते हैं। प्रचार का तरीका भी यही है कि लोगों से मिलकर हाथ जोड़ते हैं, अपने लिए वोट मांगते हैं। देशकर ने कहा कि वे अनुसूचित जाति से हैं। कांग्रेस भाजपा जैसी पार्टियां टिकट नहीं देती। इसलिए निर्दलीय ही लड़ते हैं। 2014 का लोकसभा चुनाव भी उन्होंने इसी तरह लड़ा था। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई किसानों के साथ अन्याय के खिलाफ है, और वे समानता का अधिकार चाहते हैं।






## लोकतंत्र के महापर्व का दूसरा पड़ाव, 88 सीटों पर आज मतदान

# राहुल, बिड़ला, हेमा समेत 'राम' जैसे कई दिग्गजों का होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। इसमें छत्तीसगढ़ की तीन सीटें कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद शामिल हैं। दूसरे चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, अभिनेत्री हेमामालिनी, पूर्व लोस अध्यक्ष ओम बिड़ला समेत कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा।*

दूसरे चरण में केरल की वायनाड लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। केरल की सभी 20 सीट के अलावा कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की सात सीट, असम व बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 'आउटर' मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से चार सहित कुल 1206 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को समाप्त हो गया। कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनय से राजनीति में आये अरुण गोविल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 5 पर



### हैट्रिक लगाने की तैयारी में हेमामालिनी और ओम बिड़ला


#### ये भी दिग्गज मैदान में

बेंगलुरू दक्षिण से मौजूदा सांसद और भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या का मुकाबला कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से होगा। टीवी सीरियल 'रामायण' में भगवान राम का चरित्र निभाने वाले अरुण गोविल का मेरठ लोकसभा सीट पर मुकाबला बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के देवव्रत कुमार त्यागी और समाजवादी पार्टी (सपा) की सुनीता वर्मा से है।

#### इन जगहों पर होगा आज चुनाव

अब लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को केरल की सभी 20 सीटों, कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की सात, असम तथा बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ तथा पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीटों पर मतदान होना है। वहीं, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर चुनाव होगा।

## भूपेश, संतोष, ताम्रध्वज समेत 41 की किस्मत ईवीएम में होगी कैद







**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग होगी। इन लोकसभा क्षेत्रों में कांकेर, राजनांदगांव, महासमुंद शामिल हैं। तीनों लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण में कुल 41 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला जनता करेगी। राजनांदगांव, कांकेर, महासमुंद राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण हैं। राजनांदगांव से पूर्व सीएम भूपेश बघेल और संतोष पांडेय आमने-सामने हैं। वहीं महासमुंद में बीजेपी की रूप कुमारी चौधरी और कांग्रेस से गृह मंत्री रहे ताम्रध्वज साहू चुनावी मैदान में हैं। नक्सल प्रभावित कांकेर लोकसभा सीट पर ▶▶| शेष पेज 5 पर

■ भारी सुरक्षा के बीच दूसरे चरण के लिए मतदान केंद्रों में होगी वोटिंग

### कांग्रेस पर बरसे मुख्यमंत्री

## साय बोले- देश के लोगों की संपत्ति विदेशी घुसपैठियों के लिए नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विरासत टैक्स मामले में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने भारतीय समाज की उस पारिवारिक संरचना पर सीधा प्रहार किया है जो संपत्तियों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित करती है और पारिवारिक रिश्तों को जोड़ने की मजबूत कड़ी है। श्री साय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के टुकड़े किए फिर उसे जातियों में ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### बुरी नीयत हम सहन नहीं करेंगे

श्री साय ने कहा, देश के लोगों की संपत्ति विदेशी घुसपैठियों के लिए नहीं है, यहां के संसाधन भी रोहिंग्याओं के लिए नहीं है। यह संपत्ति-संसाधन हमारे आदिवासी, दलित, पिछड़ों, और गरीबों का है। इस पर कांग्रेस की बुरी नीयत को हम सहन नहीं करेंगे।

### तीसरे चरण की तैयारी

## शाह की आज बेमेतरा में सभा 1 मई को कोरबा भी आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा ने अब तीसरे चरण के चुनाव के लिए पूरी ताकत झोंकने का काम प्रारंभ किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की शुक्रवार को बेमेतरा में आमसभा होगी। इसके बाद एक मई को कोरबा में भी उनकी सभा की तैयारी है। आने वाले समय में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं के लिए समय मांगा गया है। शुक्रवार को एक तरफ प्रदेश में ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### कोरबा में होगी सभा

श्री शाह की एक सभा कोरबा में एक मई को होगी। कोरबा की सीट भी भाजपा के लिए प्रतिष्ठा वाली है। यहां से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस की सांसद ज्योत्सना महंत हैं।

### खबर संक्षेप

#### गर्लफ्रेंड का बर्गर खाया तो दोस्त को मार दी गोली




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बर्गर दो दोस्तों के बीच खूनी संघर्ष की वजह बन गया। बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। कराची में 8 फरवरी यह घटना हुई। जब एक दोस्त ने अपने दोस्त को सिर्फ इसलिए मार डाला कि उसने उसकी प्रेमिका का बर्गर खा लिया था। यह मामला डिफेंस एरिया पेश आया है। दोनों के बीच झगड़ा तब शुरू हुआ सत्र न्यायाधीश के बेटे अली कीरियो अपने दोस्त दानियाल के घर पहुंचा था।

#### फायरिंग केसः आरोपियों ने 3 बार बदले कपड़े



**मुंबई।** फिल्म एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में बड़ा अपडेट आया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों सागर पाल और विकी गुप्ता को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की 29 अप्रैल तक की पुलिस रिमांड की दे दी है। क्राइम ब्रांच ने कोर्ट में कहा कि वारदात को अंजाम देने दोनों आरोपियों ने अपने कपडे 3 बार बदले थे और अपना हुलिया भी बदलने की कोशिश की ताकि वो पहचान में न आ सके। दोनों आरोपियों के पास कुल 40 गोलिया थीं। उन्होंने फायरिंग के लिए 5 की इस्तेमाल कर ली थी, 17 गोलियां पुलिस जांच में बरामद कर लिया था, लेकिन अभी 18 गोलियों की तलाश जारी है।

#### अमेरिकाः सुअर की किडनी लगाकर बचाई जान



**न्यूयॉर्क।** अपनी आखिरी सांसें गिन रही महिला को फिर से जीवनदान दे दिया। इस महिला को चिकित्सकों ने सुअर की किडनी लगाकर जान बचा ली। यह महिला किडनी रोग से ग्रस्त थी। महिला की दोनों किडनी ने काम करना बंद कर दिया था। कोई दूसरी किडनी उसके लिए उपलब्ध नहीं थी। मरीज की सांसें उखड़ने ही वाली थीं।

टोही विमान रिमोट से होते हैं ऑपरेट

## बाड़मेर में वायुसेना का जासूसी विमान क्रैश, जलकर हुआ राख

एजेंसी ▶▶| बाड़मेर

भारतीय वायु सेना का एक जासूसी विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले से 30 किमी दूर के रोजानियों की ढाणी जजिया गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है। वायु सेवा के टोही विमान में कोई पायलट मौजूद नहीं होते हैं और इसे रिमोट के द्वारा ऑपरेट किया जाता है। सीमावर्ती इलाके में जासूसी गतिविधियों के ऊपर निगरानी रखने के लिए इस विमान को काम में लाया जाता है। जैसलमेर के पिथला गांव के पास तेज धमाके के साथ में यह प्लेन क्रैश हुआ है।



### 1993 से लेकर अब तक कई बड़े विमान हादसे

अप्रैल 1993 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 491 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। ये रनवे पर खड़े ट्रक से टकरा गया था। 1996 में हरियाणा के चखरी दादरी क्षेत्र के ऊपर दो विमान आपस में टकरा गए। इसमें 349 लोगों की जान चली गई। जुलाई 2000 में एलाइंस एयरलाइंस का प्लेन पायलट के नियंत्रण खो जाने के बाद दुर्घटना का शिकार हुआ था। मई 2010 में मंगलौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 158 लोग मारे गए। और भी कई विमान हादसे हुए। जनवरी 2018 में पवन हंस का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

### आरईसी कश्मीर के किश्तवाड़ में

## किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 1,869 करोड़ का लोन




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी और अग्रणी एनबीएफसी-आरईसी लिमिटेड ने चिनाब घाटी विद्युत परियोजना प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता हुआ है। आरईसी लिमिटेड किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 1,869 करोड़ का लोन देगी। करेगी। ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### चिनाब नदी पर बनेगी विद्युत

*इस ऋण का उपयोग जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर ग्रीनफील्ड 4 गुणा 156 मेगावाट किरू जल विद्युत परियोजना के विकास, निर्माण, परिचालन के लिए किया जाएगा। 624 मेगावाट क्षमता की किरू जलविद्युत परियोजना एक रन-ऑफ-रिवर योजना है। इसमें 135 मीटर ऊंचाई के बांध और 156 मेगावाट की 4 इकाइयां बनेंगी। के साथ एक भूमिगत पावर हाउस के निर्माण की परिकल्पना की गई है।*

### भारत ने छत पर सौर ऊर्जा पहल का किया जिक्र

## विश्व ऊर्जा सम्मेलनः नवीकरणीय क्षमता को 3 गुना करने पर जोर

एजेंसी ▶▶| रॉटरडैम

नीदरलैंड के रॉटरडैम में विश्व ऊर्जा सम्मेलन के 26 वें संस्करण का आयोजन किया गया। गोलमेज सम्मेलन में दुबई में हुए सीओपी28 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के महत्वपूर्ण रूप से अत्यंत प्रभावी रहने वाले संदर्भों पर चर्चा की गई। गोलमेज बैठक में नीदरलैंड के उप-प्रधानमंत्री और जलवायु एवं ऊर्जा नीति मंत्री रॉब जेट्टेन और भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय में सचिव पंकज अग्रवाल और विभिन्न देशों और संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



#### ग्रीन हाइड्रोजन पर जोर

*सचिव ने कहा कि दीर्घकालिक जीवन शैली का समर्थन करने के लिए भारत के मिशन लाईफ की सराहना की गई है। उन्होंने कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज और हरित हाइड्रोजन पर बल देने के साथ कार्बन तटस्थता की दिशा में परिवर्तन लाने की सीओपी28 की मान्यता के संदर्भ में भी चर्चा की।*

### केस अपडेट, लिस्ट, फाइल अब सब फोन पर...

# व्हाट्सएप पर मिलेगी मुकदमों की डिटेल !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर



भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत 'समुदाय के भौतिक संसाधन' माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### बार के सदस्यों को मिलेगी जानकारी

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि वाद सूची के प्रकाशित होने के बाद 'बार' के सभी सदस्यों को उनके मोबाइल फोन पर सूची प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश और निर्णय व्हाट्सएप के जरिये भेजे जाएंगे। वाद सूची का मतलब एक तय तिथि पर अदालत द्वारा मुकदमे पर होनी वाली सुनवाई है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह एक क्रांतिकारी कदम है।


#### साझा किया व्हाट्सएप नंबर

प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और कागज के साथ ही हमारी पृथ्वी को बचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

## इंडिगो चौड़े आकार के 30 विमान खरीदेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने चौड़े आकार के 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के पास ऐसे ही 70 और विमानों को खरीदने का विकल्प होगा। लगभग 17 साल से सक्रिय इंडिगो में फिलहाल 350 पतले आकार के विमानों का परिचालन होता है। हालांकि, कंपनी ने दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर लिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 30 ए350-900



विमानों का ऑर्डर देकर वह चौड़े आकार वाले विमानों का परिचालन करने वाली कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स इसे 'ऐतिहासिक क्षण' बताया। इन विमानों में रॉल्स रॉयस के ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन होता है। इनकी आपूर्ति 2027 की शुरुआत से होने की उम्मीद है।

## चिंतन

# चुनाव आचार संहिता का पालन करें प्रत्याशी

जैसे-जैसे आम चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे नेताओं के बोल बिगड़ने लगे हैं। पहले चरण के प्रचार के दौरान नेता एक दूसरे दल पर प्रहार कर रहे थे, दूसरे चरण आते आते नेता नफरती बोल बोलने लगे हैं। आज जब देश में 13 राज्यों के 88 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान हो रहा है, केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी को अपने भाषणों में नफरती व विभाजनकारी शब्दों के इस्तेमाल के लिए नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, मोदी ने राजस्थान में व राहुल ने केरल में असंयमित भाषा का इस्तेमाल किया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 77 के तहत जारी किया है। चुनाव आयोग को मिली शिकायत में कहा गया है कि 'ये नेता धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।' भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा है। यूं तो अतीत में आम चुनाव के दौरान नेताओं ने अनेक बार अपने विरोधी दलों व नेताओं के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है, और उन पर चुनाव आयोग ने एक्शन भी लिया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि चुनावों के दौरान नेता संयमित नहीं रहते हैं। आयोग के एक्शन का कोई फर्क नहीं पड़ता है। संसाधन बांटने की बात भी अतिश्योक्ति है और एक झटके में गरीबी खत्म होने की बात भी। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। संयुक्त राष्ट ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि करी 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। गरीबी उन्मूलन एक सतत प्रक्रिया है, इसे एक झटके में खत्म नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान कांग्रेस नेता डा. मनमोहन सिंह ने ही कहा था कि उनकी सरकार के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। ऐसे में राहुल की ओर से एक झटके में गरीबी खत्म करने की बात कहना तार्किक नहीं है। अगर ऐसा है तो कांग्रेस का शासन करीब पांच दशक तक रहा है, फिर देश से गरीबी खत्म क्यों नहीं हुई? निर्वाचन आयोग का कहना है कि 'अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।' ऐसे में स्टार प्रचारकों में शामिल बड़े नेताओं को अपने भाषणों के दौरान नापतौल कर बोलना चाहिए। देश में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। इन्हें 1951 में बनाए गए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में परिभाषित किया गया है। इनमें एक हिस्सा चुनावी आचार संहिता का है। चुनाव के समय हर प्रत्याशी को इसका पालन करना होता है। किसी भी जगह आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग एक्शन लेता है। चुनावों में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट आचरण, आपराधिक गतिविधि, विवादित व अमर्यादित भाषण देने वालों के खिलाफ ठोस एक्शन होना ही चाहिए। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 1975 में इंदिरा गांधी पर, 2006 में सोनिया गांधी पर, 2014 में जयललिता पर, 2017 में नरोत्तम मिश्रा पर कड़ा एक्शन लिया गया था। नेताओं को चाहिए कि वे आचार संहिता का पालन करें और लोक प्रतिनिधत्व कानून का सम्मान करें।



आम चुनाव
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# मताधिकार का बढ़चढ़ कर करें प्रयोग

> चुनाव प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है। चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डालना चाहिए।

पहले चरण का चुनाव 19 मई को हो चुका है, दूसरे चरण का चुनाव आज 26 मई को है। पहले चरण में आनुपातिक रूप से अपेक्षाकृत कम मतदान चिंता का विषय जरूर है, लेकिन दूसरे चरण में बढ़चढ़कर मतदान की उम्मीद है। चुनाव भारत के राजनीतिक प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है।
लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो गया, अब 88 सीटों पर आज है। दूसरे चरण में 13 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। उम्मीद है चुनाव पहले की तरह इस चरण में भी कमोबेस शांतिपूर्ण होंगे। दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी की है और शतप्रतिशत मतदान की अपील की है। यह प्रजातंत्र के लिए महत्वपूर्ण संकेत है कि राजनैतिक दलों की कड़ी नोकझोंक के बावजूद, भारतीय जनमानस ने अपने वोट के अधिकार का प्रयोग किया है। आरोप-प्रतिरोप तो चुनावों में लगाये ही जाते हैं! मुख्य रूप से चुनाव मुद्दों से हटकर, व्यक्ति विशेष पर आधारित हो रहे हैं। कांग्रेस, भाजपा, व अन्य दलों में आया-राम व गया-राम का सिलसिला चलता रहा। फ़िर वोटिंग मशीन की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 'बंपर वोटिंग' हुई। चुनावी अखाड़े में लड़ाई, मुख्य रूप से एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की है। पहले फेज़ में नरेंद्र मोदी सरकार के 8 मंत्रियों की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव आयोग की डेटशीट के अनुसार, चुनाव 7 चरणों में होंगे जिसके नतीजे 4 जून, 2024 को आयेंगे। पहले चरण में पश्चिम बंगाल समेत कुछ स्थानों पर हिंसा की कुछ छुट-पुट घटनाएं सामने आईं। वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से, सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पहले चरण के चुनाव के बाद जो फीडबैक मिला है, उससे साफ है कि देश की जनता पूरी गंभीरता व दृढ़ता के साथ प्रजातांत्रिक प्रणाली में विश्वास रखती है। कांग्रेस के 'नफ़रत या प्यार की दुकान', नारे समान रूप से प्रभावी होते नजर नहीं आए।
पहले चरण में मणिपुर के कुछ जिलों से कुछ घटनाओं की सूचना को छोड़कर मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। ईवीएम को कुछ नुकसान पहुंचाने, कुछ आपराधिक धमकी देने या किसी द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने की कुछ रिपोर्टें भी मिली हैं। पश्चिम बंगाल में मतदाताओं में खूब जोश दिखा। उत्तर प्रदेश में आठों लोकसभा सीटों पर पहले चरण के लिए मतदान हुआ। असम में 60.70 %, बिहार में 39.73%, छत्तीसगढ़ में 58.14 %, मध्य प्रदेश में 53.40 % मतदान हुआ है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री



और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम पहले चरण की चारों सीट जीत रहे हैं। लोग बढ़ चढ़ कर वोट डाल रहे हैं। मौजूदा सरकार से लोग गुस्से में हैं। बिहार इस बार चौंकाने वाले परिणाम देगा।दावों की सच्चाई का पता चुनाव परिणाम आने के बाद लगेगा।
मुख्य चुनाव आयुक्त सीएसई, राजीव कुमार ने युवाओं से मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्स लेने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'आप आनंद महसूस करेंगे, ये मेरी गारंटी है'। पहले चरण के लिए मतदान केंद्रों पर मॉक पोल की कार्रवाई की गई। अब दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। पहले चरण के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग ज़रूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। एमएनएम प्रमुख, कमल हासन ने चेन्नई में अपना वोट डाला। नितिन गडकरी ने कहा, हमें मतदान करना चाहिए, यह हमारा मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी है। मैं 101% आश्वस्त हूं कि मैं अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगांर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी वोट डाला। उत्तराखंड में एक नवविवाहित जोड़े ने आम चुनाव के लिए पौढ़ी गढ़वाल के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। उधम सिंह नगर में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मतदान किया। पुडुचेरी के लोकतंत्र में हर वोट कीमती और हर आवाज का महत्त्वपूर्ण है। इन सभी सीटों के मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। पहली बार वोट देने जा रहे अपने युवा साथियों से मेरी यह विशेष अपील है कि वे भारी संख्या में मतदान करें। लोकतंत्र में हर वोट कीमती है और हर आवाज का महत्त्व है। आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि यह देखकर बहुत उत्साह है कि युवा मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतान्त्रिक प्रणाली में हिस्सा लिया। युवाओं के बीच बहुत सारी जागरूकता गतिविधियां की हैं ताकि अगर किसी भी तरह की उदासीनता हो, तो वे निराश न हों। इस बार हमारे युवा मतदाता न केवल अकेले आने वाले हैं, बल्कि उनसे अपील कई गई है कि वे देश के राजदूत बनें, हमारे प्रभावशाली व्यक्ति बनें- जितना संभव हो उतने दोस्तों, परिवार के सदस्यों को मतदान केंद्र पर लाएँ और उस उत्सव का आनंद लें। अपनी सरकार चुनने की ज़िम्मेदारी महसूस करें। हर नागरिक को चाहिए कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले चरण में वर्ष 2019 के पहले चरण के अनुपात में इस बार करीब चार फीसदी कम मतदान हुआ है, इसलिए चुनाव आयोग की कोशिश है कि दूसरे चरण और इआगे के चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़े। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी राज्य के 102 सीटों पर चुनाव हुए हैं। इस बार भी 13 राज्यों में होंगे, जिसमें मत प्रतिशत बढ़ना चाहिए। युवाओं को आगे आना चाहिए। सारांशाार्थ यह कहना उचित होगा कि, चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डाल कर अपने जन प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार प्राप्त है। यही भारत के संविधान का मुख्य सार है। इसलिए नागरिकों को अपने चुनने के अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति
उमेश चतुर्वेदी



# नक्सलवाद बन सकेगा मुद्दा


चुनावी माहौल में स्थानीय वोटरों के दिल को छूने और उनकी जिंदगी को बदलने वाले मुद्दों को उछालने में राजनीतिक दलों की कोई सानी नहीं है। नक्सली असर वाले छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गृहमंत्री अमित शाह ने सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं दी, बल्कि चुनावी मुद्दा भी बनाने की कोशिश की। चुनावी सभा में अमित शाह ने नक्सलियों से कहा कि या तो समर्पण कर दो या फिर गोली खाने को तैयार रहो। अमित शाह का यह बयान सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं, बल्कि नक्सल प्रभावित इलाके के वोटरों को बीजेपी के खिलाफ गोलबंद करने की कोशिश है। आमतौर पर सत्ताधारी दल के बयानों की काट विपक्षी दल खोज लेते हैं, लेकिन नक्सलवाद ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष सत्ताधारी दल के बयान का आसानी से विरोध नहीं कर पाते।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सात राज्यों के पैंतीस जिले ऐसे हैं, जहां नक्सलियों का असर है। इन जिलों की करीब पचास लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन्हें नक्सल प्रभावित माना जाता है। इनमें से बिहार की चार सीटों के साथ ही मध्य प्रदेश के बालाघाट, छत्तीसढ़ के बस्तर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहले दौर में ही यानी 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। लेकिन अब भी झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कई ऐसी लोकसभा सीटें हैं, जहां वोटिंग होनी है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में अमित शाह का नक्सलियों से जुड़ा बयान एक तरह से इन इलाकों के वोटरों को लुभाने की कोशिश है। चूंकि पहले दौर के मतदान के ठीक पहले 16 अप्रैल को 29 नक्सली मारे गए थे। पहले दौर के मतदान के ठीक दो दिन बाद यानी 18 अप्रैल को भी छत्तीसगढ़ में दो नक्सली मारे गए। इन वजहों से केंद्र सरकार के पास इस मुद्दे पर कहने को बहुत कुछ है। हालांकि सोलह अप्रैल को हुए नक्सली मुठभेड़ के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दबे स्वर में मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। जिसका राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरोध किया। राज्य में इस बयान को सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने वाला बताया जाने लगा। मामला जब तूल पकड़ा तो कांग्रेस को बघेल के बयान पर सफाई देनी पड़ी। शायद यही वजह है कि बीजेपी नक्सलवाद के सफाये के अपने संकल्प के मुद्दे को नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। उसे लगता है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस या उसके विरोधी दल आक्रामक जवाब नहीं दे पाएंगे।

नक्सली असर वाले झारखंड और ओडिशा में 13 मई से 2 जून के बीच चार चरणों में चुनाव होने हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में तेरह मई को ही वोटिंग होनी है। झारखंड में जहां 14 लोकसभा सीटें हैं, वहीं ओडिशा में 21 लोकसभा की सीटें आती हैं। आंध्र प्रदेश में जहां 25 लोकसभा सीटें हैं, वहीं तेलंगाना में 17 सीटें हैं। झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में जहां बीजेपी अपने दम पर चुनावी मैदान में है, वहीं आंध्र प्रदेश में वह तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना पार्टी के साथ चुनाव लड़ रही है। इस बार बीजेपी को ओडिशा और तेलंगाना से ज्यादा उम्मीदें हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के दल बीजेपी को झारखंड और आंध्र में ही चुनौती दे रहे हैं। जबकि ओडिशा में उसका मुकाबला बीजद से है तो आंध्र प्रदेश में उसके सामने वाईएसआर कांग्रेस और कांग्रेस से अलग-अलग चुनौती है। चूंकि नक्सल प्रभावित राज्यों के 77 सीटों पर मतदान बाकी है, इसलिए बीजेपी नक्सलवाद को मुद्दा बना रही है। नक्सल प्रभावित राज्यों के चुनावी अभियान में नक्सलवाद के सफाए को वह बार-बार तूल दे रही है। झारखंड में भी जब प्रचार अभियान तेज होगा तो बीजेपी इस मुद्दे को तूल देगी। वह बताने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस की अगुआई में चले शासन वाले दशक 2004-14 की तुलना में मोदी के शासन वाले 2014-23 के दशक में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा में कमी आई है। इस दौरान नक्सली हिंसा में होने वाली मौतों की संख्या में 69 फीसद की कमी आई है। जो 6,035 से घटकर 1,868 हो गई है। जहां तक झारखंड की बात है तो यहां के मौजूदा गठबंधन की ओर से अपने प्रचार अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाने पर जोर दे रहा है। रांची में हुई रैली में भी नक्सलवाद पर नियंत्रण को लेकर कोई बात नहीं हुई। यह सच है कि नक्सलवाद से मुकाबले में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्रवाई की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन राज्य सरकार और राज्य के बलों के बिना स्थानीय मुकाबले संभव नहीं है। यह सच है कि नक्सली हिंसा पर प्रभावित इलाकों में काफी काबू पाया जा चुका है। 2023 में नक्सल प्रभावित राज्यों की सुरक्षा हालत की समीक्षा के बाद एक हाई पावर कमेटी बनाई गई थी। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के सफाये का आदेश दिया था। माना जा रहा है कि केंद्रीय नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी हुई हैं। फलस्वरूप नक्सली हिंसा में कमी आई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पुस्तकों का बढ़ता महत्त्व

23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 23 अप्रैल 1995 को यूनेस्को में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के मुख्य लेखकों को सम्मान देना और जो लेखक दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना भी है। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य लोगों की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना और साक्षरता दर बढ़ाना भी है। इस दिवस के आयोजन में मुख्य तौर पर विभिन्न प्रकाशक, शिक्षक, लेखक और पुस्तकों से किसी न किसी रूप से जुड़े लोग शामिल होते हैं। आज इंटरनेट का जमाना है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्व है। खासतौर पर धर्म, संस्कृति और अन्य प्राचीन इतिहास की जानकारी जितनी हमें पुस्तकों से मिल सकती है, उतनी शायद इंटरनेट पर न प्राप्त हो पाए।

*– सचिन शर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

# 2023 में 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने हुए मजबूर

वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा, जिसकी वजह विशेषतौर पर गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। खाद्य संकट वाले देशों की संख्या में भी वृद्धि हुई, जिनकी निगरानी की जा रही है। संरा के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 705,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। उन्होंने बताया कि 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत से यह संख्या अब तक सबसे ज्यादा है और 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 577,000 सिर्फ गाजा में हैं। वहीं दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं।



## ऑफ बीट

# अधिकांश मधुमक्खियां डंक मारने के बाद नहीं मरतीं

हम में से अधिकांश लोगों को कभी न कभी मधुमक्खी ने काटा होगा और हम जानते हैं कि यह कोई मजेदार अनुभव नहीं है। लेकिन शायद हमें यह सोचकर अफसोस या प्रतिशोध की भावना भी महसूस हुई होगी कि हमें डंक मारने वाली मधुमक्खी मर जाएगी। लेकिन दरअसल 99.96% मधुमक्खी प्रजातियों में ऐसा नहीं होता है। दुनिया में मधुमक्खी की लगभग 21,000 प्रजातियों में से केवल आठ प्रजातियाँ डंक मारने के बाद मर जाती हैं। एक अन्य उपसमूह बिल्कुल भी डंक नहीं मार सकता है, और अधिकांश मधुमक्खियाँ जितनी बार चाहें उतनी बार डंक मार सकती हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती है। मधुमक्खियों की पेचीदगियों और उनके डंक मारने की क्षमता को समझने के लिए, हमें डंक के आकार, मधुमक्खी के जननांगों और रवैये के बारे में बात करनी होगी। हमारी प्यारी और घातक मधुमक्खियाँ बहुत मुमकिन है कि आपको यूरोपीय मधुमक्खी (एपिस मेलिफ़ेरा) द्वारा काटे जाने की याद हो। यूरोप और अफ्रीका की मूल निवासी ये मधुमक्खियाँ आज दुनिया में लगभग हर जगह पाई जाती हैं। ये दुनिया भर में आठ शहद मधुमक्खी प्रजातियों में से एक हैं, जिसमें एपिस मधुमक्खियां कुल मधुमक्खी प्रजातियों का केवल 0.04% का प्रतिनिधित्व करती हैं।



## ट्रेंड

### प्रभावित करने वाला विचार



कांग्रेस के घोषणा पत्र में सरकारी बोर्ड में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का संकेत दिया गया है, जो अगर लागू होता है तो इसमें सशस्त्र बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह देश की एकता-अखंडता को प्रभावित करने वाला विचार है। यह सही नहीं होगा।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### सोना गिरवी रखा



रिजर्व बैंक के आंकड़े कहते हैं कि 31 मार्च 2024 तक देश के परिवारों ने अपना सोना गिरवी रखकर बैंकों से कुल 1 लाख करोड़ का कर्ज लिया है। ये आंकड़ा केवल बैंकों का है। साहूकारों से लिया कर्ज अलग है। चार में से एक परिवार कर्जदार है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### सही नहीं



चुने गए मंत्री के लिए चली फाइल एलजी के पास जाने के बाद ऐसी चोरी क्यों हुई? ऐसा लग रहा है कि मेयर का चुनाव कराने के लिए कोई साजिश रच रहा है या फिर बीजेपी का मेयर बनाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

-सौरभ भारद्वाज, आप नेता

### जश्न मनाएं



एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे इस जादू को जीवन में लाने का सौभाग्य मिला है, मैं पुरानी यादों की यात्रा में आपके साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हूं। आइये मिलकर बॉलीवुड के शाश्वत युग का जश्न मनाएं।

-शाहरुख खान, अभिनेता

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया | वर्ष : 24, अंक : 33 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### 2001 से ऐतिहासिक रफ्तार

सोने की कीमत की असली रफ्तार 2000 के बाद देखने को मिली। 2001 के प्रारंभ में जो सोना 4400 रुपए था, वह 2010 में 18500 हो गया। यानी दस सालों में कीमत 14100 रुपए बढ़ी। इससे भी बड़ा कमाल 2010 से 2020 के बीच के दशक में हुआ। इस दशक में सोना 30151 रुपए महंगा हुआ और कीमत 18500 से 48651 रुपए हो गई।



**1950 में सोना था 99 रुपए का दस ग्राम**

## 2001 में सोना 4400.... ढाई दशक में ऐसा खाया भाव कि कीमत उछलकर 74 हजार से ऊपर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने की कीमत आज इतनी ज्यादा पहुंच गई है कि अब यह आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर हो गया है। आने वाले समय में कीमत के एक लाख तक जाने की संभावना जताई जा रही है। इतनी कीमत होने पर आम आदमी सोना खरीद ही नहीं पाएगा। सोने की कीमत बाजार में 1950 में महज 99 रुपए थी। आज दस ग्राम सोना 74 हजार से ज्यादा का हो गया है। सोने की ⏭ शेष पेज 5 पर

### 99 रुपए से प्रारंभ हुआ था सफर

सोने का बाजार में सफर देखा जाए तो 1950 में महज 99 रुपए से प्रारंभ हुआ था। तब कीमत में इतना ज्यादा इजाफा नहीं होता था। 1950 से 60 के बीच के दशक में कीमत 111 रुपए तक ही पहुंची। यानी कीमत महज 12 रुपए बढ़ी। इसके बाद 1960 से 70 के बीच के दस सालों में कीमत में 73 रुपए का इजाफा हुआ और कीमत 184 रुपए पहुंची। अगले दशक में 1970 से 80 के बीच में कीमत में ऐतिहासिक उछाल ⏭ शेष पेज 5 पर

### चार सालों में सबसे महंगा

2021 से 2024 में अब तक चार सालों में सोना सबसे ज्यादा महंगा हुआ है। इन चार सालों में कीमत 48720 से 74600 हो गई है। यानी चार सालों में कीमत 25880 रुपए बढ़ी है। इसके पहले कभी चार सालों में इतनी कीमत नहीं बढ़ी थी।



**1950 से अब तक की कीमत**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1950 में | 99 | 2010 में | 18,500 |
| 1960 में | 111 | 2020 में | 48,651 |
| 1970 में | 184 | 2021 में | 48,720 |
| 1980 में | 1,330 | 2022 में | 53,600 |
| 1990 में | 3,200 | 2023 में | 62600 |
| 2000 में | 4,400 | 2024 में | 74600 |

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# तीन डिस्टलरी ने रोकी देशी-विदेशी शराब की आपूर्ति, राज्य सरकार ने दिया नोटिस

*प्रदेश में देशी-विदेशी शराब की आपूर्ति करने वाले डिस्टलरियों से शराब की आपूर्ति रोकने की शिकायत मिलने पर आबकारी आयुक्त व सचिव आर.शंगीता ने तीन डिस्टलरियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया हैं। इसके साथ ही सात दिनों के भीतर नोटिस का जवाब मांगा हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कंपनियों को धारा -31 के अंतर्गत कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। जिन डिस्टलरियों को नोटिस मिला हैं, उसमें मेसर्स भाटिया वाईन मर्चेंट मुंगेली, वेलकम डिस्टिलरीज, बिलासपुर और छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड ग्राम खपरी, दुर्ग शामिल है। इन्हें 24 अप्रैल को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

नोटिस में स्पष्ट उल्लेख हैं कि अप्रैल से 23 अप्रैल 2024 के बीच छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड से प्राप्त अप्रैल माह हेतु जारी स्टॉकिंग आदेश के विरूद्ध आसवनियों द्वारा देशी-विदेशी शराब की पूर्ति नहीं की गई है। इतना ही नहीं जिन भंडारण भंडागार के लिए स्टॉकिंग आर्डर प्राप्त किए गए हैं, उनके विरूद्ध भी देशी मदिरा, मसाला ⏭ शेष पेज 5 पर

**खास बातें**

- सात दिनों के भीतर मांगा स्पष्टीकरण
- धारा-31 के अंतर्गत कार्रवाई की चेतावनी



**पांच लाख तक जुर्माना हो सकता है**

बताया गया है कि इस गड़बड़ी के लिए आबकारी अधिनियम के तहत एक लाख और पांच लाख रुपए की शास्ति(जुर्माना) देय होगा। साथ ही छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के किन्ही उपबंधों या उनके अधीन बनाए गए किसी नियम के उल्लंघन पर यह अनुज्ञप्ति आबकारी आयुक्त द्वारा रद्द की जा सकती है। आबकारी सचिव ने तीनों डिस्टलरी को ⏭ शेष पेज 2 पर

## शराब घोटाले में त्रिपाठी जेल दाखिल ईओडब्लू को मिली ढिल्लन की रिमांड





राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू के अफसरों ने शराब तथा होटल कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू को केरल, कोच्ची से गिरफ्तार कर गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। इसके साथ ही 12 अप्रैल को बिहार, गोपालगंज से गिरफ्तार किए गए आबकारी विभाग के पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी की 14 दिनों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने त्रिलोक ⏭ शेष पेज 5 पर

- त्रिलोक ढिल्लन को ईओडब्लू ने कोच्ची से गिरफ्तार किया
- ईडी पूर्व आईएएस को रिमांड पर लेकर कर रही पूछताछ

**टूटेजा से पूछताछ**

उल्लेखनीय है कि ईडी ने पिछले सप्ताह रविवार को पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड पर लिया है। ईडी के आवेदन पर पीएमएलए कोर्ट ने पूर्व आईएएस अफसर की पांच दिनों की रिमांड स्वीकृत की है। टूटेजा से पूछताछ की जा रही है। कहा जा रहा है कि इस मामले में कुछ और नामों का खुलासा हो सकता है।

# सीजी पीएससी घोटाले की जांच करेगी सीबीआई, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2021 में हुई अनियमितता की जांच सीबीआई करेगी। केन्द्र सरकार ने इस मामले में गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा चुनाव के दौरान यह मामला राज्य में काफी गरमाया हुआ था। पीएससी परीक्षा 2021 में की हुई अनियमितता को लेकर राज्य के युवाओं में बेहद आक्रोश था और इसको लेकर युवा सड़कों पर उतर आए थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य के युवाओं के आक्रोश को देखते हुए इस मामले की जांच कराने और दोषी लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गारंटी दी थी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने ⏭ शेष पेज 5 पर

### साय सरकार ने भी जारी की थी अधिसूचना

छत्तीसगढ़ सरकार गृह विभाग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2021 की अनियमितताओं की जांच सीबीआई से कराने के संबंध में अधिसूचना 16 फरवरी 2024 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 10 अप्रैल 2024 को जारी की गई थी। राज्य सेवा परीक्षा, 2021 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायतें, आईपीसी की धारा 420, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की ⏭ शेष पेज 5 पर

### 170 पदों के लिए जारी हुई थी चयन सूची

छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2021 में राज्य के 12 विभागों के लिए 170 पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची जारी की गई थी। चयन सूची जारी होते ही प्रतिभागी युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा था। युवाओं ने चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और गड़बड़ी को लेकर कई शिकायतें की और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। एन्टीकरप्शन ब्यूरो, आर्थिक अपराध ब्यूरो ने भी इस मामले में अपराध दर्ज किया था। केन्द्र सरकार द्वारा जारी ⏭ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### देवेंद्र समेत तीन सदस्यों ने ली रास की सदस्यता

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भाजपा के तीन नवनिर्वाचित सदस्यों को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले तीन नए सदस्यों में छत्तीसगढ़ से देवेंद्र प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश से तेजवीर सिंह और उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट शामिल हैं।



### होटल में भीषण आग 6 की मौत

**पटना।** पटना के एक होटल में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य की हालात गंभीर बनी हुई है। अब तक छह लोगों की मौत हुई है जिनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। 20 अन्य व्यक्तियों की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। मृतकों की पहचान करने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया जाएगा। हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलायी गयी है। भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित उक्त बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 45 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आग पर काबू पा लिया गया है।

### अरुणाचल में चीन सीमा पर मूसलाधार बारिश से तबाही

**नई दिल्ली।** देश का अधिकांश हिस्सा लू के गर्म थपेड़ों और हीटवेव से परेशान है। वहीं, अरुणाचल पदेश में मूसलाधार बारिश ने कहर बरपा रखा है। चीन की सीमा से लगते अरुणाचल प्रदेश में लगातार तेज बारिश हो रही है। इससे व्यापक पैमाने पर तबाही मची है। आम जनजीवन ठहर सा गया है। मूसलाधार बारिश की वजह से कई जगहों पर लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। भूस्खलन से रोड नेटवर्क को भारी नुकसान पहुंचा है। चीन की सीमा पर स्थित दिबांग वैली को देश से जोड़ने वाला एकमात्र हाईवे लैंडस्लाइड में पूरी तरह से तबाह हो गया है। हाईवे का एक हिस्सा बह गया। इससे दिबांग घाटी से आनेजाने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लैंडस्लाइड का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

## टुटेजा के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई पर लगाई रोक

**बिलासपुर।** आईएएस अनिल टुटेजा और यश टुटेजा की क्रिमनल पिटीशन पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आगामी सुनवाई तक इनके खिलाफ किसी भी प्रकार की प्रतिकूल कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 8 मई को निर्धारित की गई है।

- 8 मई को होगी मामले की अगली सुनवाई

आईएएस अनिल टुटेजा और बेटे यश टुटेजा के खिलाफ 17 जनवरी 2024 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने एफआईआर दर्ज किया था। इसके खिलाफ दोनों याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में क्रिमनल पिटीशन लगाई थी। इस पर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए एक अप्रैल को याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई भी प्रतिकूल कार्रवाई करने पर आगामी आदेश तक रोक लगाई थी। इस मामले में जांच पर स्थगन लगाने के लिए हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में अपील की गई। इस पर गुरूवार को सुनवाई हुई, जिसमें याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि एफआईआर से उत्पन्न प्रवर्तन ⏭ शेष पेज 5 पर

## हाईकोर्ट ने ईओडब्ल्यू को जारी किया नोटिस

**बिलासपुर।** शराब घोटाला मामले में एसीबी में दर्ज एफआईआर और गिरफ्तारी के खिलाफ कोरोबारी अनवर ढेबर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इस पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने सुनवाई के बाद आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। प्रदेश में कथित शराब घोटाले को लेकर पूर्व में ईडी की तरफ से प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में ईडी ने कारोबारी अनवर ढेबर, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के एमडी रहे अरूणपति त्रिपाठी, नितेश पुरोहित और त्रिलोक ढिल्लन को आरोपी बताते हुए गिरफ्तार किया था। ढेबर को पूर्व में हाईकोर्ट से मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल गई थी। बाद मे एंटी करप्शन ब्यूरो ने इसी मामले में ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज करवाया है। इस मामले में ढेबर को महाराष्ट्र जाने के दौरान गिरफ्तार किया गया था, उनकी तरफ से हाईकोर्ट में लगाई याचिका ⏭ शेष पेज 5 पर

- शराब घोटाला मामले में ढेबर की याचिका पर सुनवाई

## बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, हल्की वर्षा संभावित

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी से नमी आने का सिलसिला जारी है। इसके कारण आज भी प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा संभावित है। हालांकि वर्षा की मात्रा अत्यंत कम रहेगी। प्रदेश के अधिकतर हिस्से शुष्क ही रहेंगे। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ जिलों में हल्के बादल भी रह सकते हैं। इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अंधड़ और वज्रपात की चेतावनी भी विभाग ने दी है। मौसम विभाग के अनुसार, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मप्र के दक्षिणी भाग में 0.9 किमी. ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका की अनियमित गति मध्यप्रदेश के दक्षिणी भाग से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किमी. ऊंचाई तक विस्तारित है।

दुर्ग में पारा 42.2 डिग्री- प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम बने रहने की संभावना है, किंतु विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। तापमान में हल्की वृद्धि ही दर्ज की जाएगी। गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म दुर्ग जिला रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। सबसे कम तापमान नारायणपुर जिले में 18.9 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी का अधिकतम ताप. 40 डिग्री रहा, जो सामान्य है।

## 'दिल्ली मेयर चुनाव टालना चाहती है भाजपा'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताई है। आप नेता ने कहा कि चंडीगढ़ की तरह यहां भी घोटाला करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी पार्षद को प्रीसाइडिंग ऑफ़िसर चुनने की साजिश की जा रही है। सौरभ भारद्वाज ने कई सवाल उठाते हुए कहा, "आम तौर पर मौजूदा मेयर ही मेयर चुनाव में प्रीसाइडिंग ऑफ़िसर की भूमिका निभाते हैं और शेली ओबेरॉय निवर्तमान मेयर हैं। लेकिन जिस तरह से मुख्य सचिव सब दरकिनार कर रहे हैं और चुनी हुई सरकार को साइड रखकर सीधे एलजी ऑफिस में फाइल भेज रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी पर आरोप लगते हुए कहा, "जिस तरह बार-बार पत्र लिखने के बाद भी एलजी ऑफिस से कोई जवाब नहीं आ रहा है।

- आप मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उठाए सवाल

## हाईकोर्ट से मृत शासकीय सेवक की पत्नी को मिली राहत

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक मामले में मृत शासकीय सेवक की पत्नी को राहत प्रदान की है। रिटायरमेंट के बाद मृत शासकीय सेवक की पत्नी को अब अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान होगा। हाईकोर्ट ने इस संबंध में जल संसाधन विभाग के सचिव समेत कार्यपालन अभियंता संभाग रायपुर को निर्देश दिया है।

- कोर्ट ने जल संसाधन विभाग के सचिव समेत कार्यपालन अभियंता को दिए निर्देश

दुर्ग जिले के सिंचाई कालोनी मोहननगर निवासी श्रीमती मंदाबाई भोजने ने अपने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के मार्फत हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी कि उनके पति स्व. सुधीर भोजने कार्यपालन अभियंता विद्युत यांत्रिकी भारी संयंत्र संभाग जल संसाधन संभाग रायपुर के अंतर्गत मैकेनिक ग्रेड-टू के पद पर वर्ष 1988 से कार्यरत थे। सेवाकाल पूरा करने पर उन्हें सेवानिवृत्ति वर्ष 2020 में दे दी गई थी परन्तु रिटायरमेंट होने के बाद भी विभिन्न मदों की राशि उन्हें प्राप्त नहीं हुई थी। इसी बीच 25 मई 2021 को उनकी मृत्यु हो गई, परन्तु मृत्यु होने तक उन्हें उनके सेवाकाल के अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया गया था। इस संबंध में शासकीय सेवक सुधीर भोजने ⏭ शेष पेज 5 पर

**लोकसभा चुनाव कवर नहीं करने का आरोप निकला झूठा**

# भारत को लेकर झूठ बोल रही थी विदेशी पत्रकार, खुली पोल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी डायस ने बीते दिनों ये दावा कर हंगामा मचा दिया था कि उन्हें भारत में लोकसभा चुनाव कवर नहीं करने दिया गया।*



ऑस्ट्रेलिया टुडे की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी डायस ने नई नौकरी और शादी की वजह से भारत दौरे से जल्दी चली आई थीं। एक ऑस्ट्रेलियन वेबसाइट ने साफ कहा है कि अवनी ने भारत से वापस जाने का फैसला किसी राजनीतिक दबाव में नहीं लिया। श्रीलंकाई मूल की अवनी डायस एबीसी के लिए एक विदेशी संवाददाता के रूप में काम करती हैं। अवनी ने इस महीने 20 तारीख को भारत छोड़ दिया था। अवनी ने इसके बाद आरोप लगाया था कि भारत सरकार उन्हें चुनाव कवरेज करने की इजाजत नहीं दे रही। भारत सरकार ने अवनी के इन आरोपों का खंडन किया था। अब एक रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि की गई है कि सरकार पर लगाए गए आरोप झूठे थे।

### राम मंदिर रिपोर्ट की आलोचना

अवनी ने राम मंदिर पर एक रिपोर्ट लिखी, जिसकी बहुत आलोचना हुई। खासतौर से भारतीय ऑस्ट्रेलियाई प्रवासियों ने तथ्यात्मक अशुद्धियों के लिए इस रिपोर्ट की आलोचना की। जनवरी 2022 में नई दिल्ली में दक्षिण एशिया ब्यूरो में शामिल होने के बाद से अवनी डायस के पास विदेशी पत्रकारों को दिया जाने वाला जे1 वीजा था। राम मंदिर पर विवादित रिपोर्ट लिखने के बाद भी भारत सरकार ने 2023 में पहला विस्तार दिया था। अवनी ने 18 अप्रैल को वीजा फीस भरी थी, वीजा जून के अंत तक के लिए बढ़ा दिया गया था।

### ...खुद बढ़ाया विवाद

इसके बाद अवनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें अचानक भारत छोड़ना पड़ा। उनका यह भी दावा है कि मोदी सरकार ने उनसे कहा था कि उनके वीजा विस्तार को अस्वीकार कर दिया जाएगा। दिल्ली स्थित भारतीय अधिकारी ने स्पष्ट रूप से इस बात से इनकार किया कि विदेश मंत्रालय के किसी अधिकारी ने अवनी डायस को फोन किया था और उसे बताया था कि उसने सीमा पार कर ली है।

### अवनी ने कर ली शादी

हालांकि, बताया गया कि वह भारत में एक नए संवाददाता की व्यवस्था करने के बाद ही अवनी को वहां से रिलीव कर पाएंगे। 28 सितंबर को अवनी के स्थान पर नई दिल्ली संवाददाता के तौर पर मेघना बाली को नियुक्त किया गया। अक्टूबर 2023 से जनवरी 2024 तक अवनी ज्यादर छुट्टियों पर ही रहीं। इस बीच अवनी ने दिसंबर 2023 में श्रीलंकाई रीति रिवाज से शादी की। इसके बाद अवनी ने मालदीव में ही हनीमून मनाया।



एंज्वॉयमेंट / शिखर चंद जैन

अगले महीने से समर वेकेशन यानी गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। इस दौरान हो सकता है, तुम किसी हिल स्टेशन पर या दादी-नानी के घर घूमने जाओ। लेकिन अगर तुम कहीं नहीं जा रहे हो तो कुछ ऐसी क्रिएटिव-एंटरटेनिंग एक्टिविटीज कर सकते हो जिसमें तुम्हें मजा तो आएगा ही बहुत कुछ नया सीखने को भी मिलेगा। ऐसे ही कुछ आइडियाज के बारे में जानो।

# समर वेकेशन को बनाओ क्रिएटिव-एंटरटेनिंग



गर्मी की छुट्टियों में अगर कहीं घूमने का प्लान ना हो तो बच्चे घर में बोरियत महसूस करने लगते हैं। ऐसा तुम्हारे साथ ना हो इसके लिए आने वाली समर वेकेशन के लिए क्या तुमने कोई प्लानिंग की है? अगर नहीं तो हम तुम्हें यहां बता रहे हैं, वेकेशन के बेस्ट यूज करने के आइडियाज।

### बनाओ कलर्ड कॉमिक्स

बच्चों, तुम खूब कहानी और कॉमिक्स पढ़ते ही होगे, लेकिन कितना मजा आए अगर तुम खुद अपनी लिखी हुई किसी कहानी के आधार पर खूब सारे रंगीन चित्र बनाओ और अपना खुद का कॉमिक्स तैयार करो! अगर तुम खुद कहानी न लिख पाओ तो किसी रोचक घटना के आधार पर या फिर अपनी पढ़ी हुई किसी पसंदीदा कहानी के आधार पर भी स्केच पेन या क्रेयॉन कलर्स के इस्तेमाल से एक प्लेन पेपर नोटबुक में कॉमिक्स बना सकते हो। हो सके तो अपने दोस्तों को भी इसके लिए मोटिवेट करना फिर सब एक-दूसरे की तैयार की गई कॉमिक्स मजे से पढ़ना।

### बालकोनी में लगाओ बर्ड फीडर

गर्मी के दिनों में जैसे चिलचिलाती धूप, उमस और प्यास से हम बेचैन हो जाते हैं, वैसे ही पशु-पक्षी भी परेशान रहते हैं। तुम चाहो तो अपने घर की बालकोनी, छत या सामने पड़ी खाली जगह को एक शानदार बर्ड फीडिंग स्टेशन बना सकते हो। यहां पक्षियों के लिए पानी से भरे कुंडारे, बड़े सिकोरे या अन्य बर्तन और उनके चुगने की व्यवस्था करने के लिए दाने भरे फीडर लगा सकते हो। इससे पक्षियों को दाना-पानी तो मिलेगा ही तुम्हें भी उनकी अठखेलियां



देखने और मधुर चहचहाहट सुनने का मौका मिलेगा। इस स्टेशन पर जब गौरैया, कबूतर, तोते और मैना आदि तरह-तरह के पक्षी सुबह शाम जुटेंगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।

### बनाओ पजल्स और गेम्स

गेम्स और पजल्स खेलने में तो खूब मजा आता है। लेकिन कितना अच्छा हो कि अपनी कल्पनाशक्ति से तुम खुद ही नए-नए गेम्स और पजल्स बना डालो। जिगशॉ पजल बनाने के लिए किसी प्रसिद्ध इमारत, पक्षी या सेलिब्रिटी की तस्वीर लेकर उसे कार्डबोर्ड पर चिपका दो। फिर इसे जगह-जगह से काट कर



अलग कर दो। इसी तरह-तरह कोई अलग सा बोर्ड गेम बनाकर तुम अपने फ्रेंड्स के साथ खेल सकते हो।

### करो वाल पेंटिंग

अगर तुम्हारे घर के सामने या पिछवाड़े में कोई बगीचा है या छत पर तुमने गमले वगैरह रखे हैं या फिर बरामदे की बाहरी दीवारें रास्ते की तरफ से नजर आती हैं तो तुम यहां सुबह या शाम के समय सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाकर इन दीवारों को सजा सकते हो, इन्हें आकर्षक बना सकते हो। फूलों, पक्षियों, तितलियों आदि के चित्र से दीवारें बहुत सुंदर नजर आएंगी। साथ ही तुम्हें म्यूरल पेंटिंग की प्रैक्टिस का मौका भी मिलेगा। इसी तरह तुम चाहो तो प्लांटर्स और गमलों को भी तरह-तरह के पेंट से सजाकर उन्हें आकर्षक लुक दे सकते हो।

### बनाओ फैमिली हिस्ट्री बुक

कई बार तुम्हें अपने मम्मी-पापा के मम्मी-पापा का नाम तो पता होता है लेकिन इसके बाद यानी परदादा-परदादी, परनाना-परनानी का नाम मालूम नहीं होता। इन छुट्टियों में तुम अपनी फैमिली ट्री को जानने की कोशिश कर सकते हो। मम्मी-पापा से उनके जन्मस्थान, वहां से जुड़ी बातें, खास रीति-रिवाज, वहां का विशेष खान-पान, उनकी खास यादें और उनके पैरेंट्स के साथ-साथ ग्रैंड पैरेंट्स का नाम भी पूछो। इन सारी बातों को चित्रों और तस्वीरों के साथ एक नोटबुक में सुंदर तरीके से लिखो। जन्म स्थान के गांव, कस्बे या शहर की कोई जानकारी भी लिखो। अपने नजदीकी रिश्तेदारों की भी जानकारी भी इसमें लिख सकते हो। यह सब जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा और तुम जो नोटबुक बनाओगे, वह अपने आप में एक फैमिली डॉक्यूमेंट जैसा बन जाएगा।

### सीखो नई स्किल

इन छुट्टियों का इससे अच्छा उपयोग और क्या होगा कि तुम इस दौरान कोई नई स्किल सीख लो। समर वेकेशन में नई भाषा, कोई म्यूजिकल




इंस्ट्रूमेंट बजाना, क्राफ्ट वर्क जैसे पेपर क्विलिंग, ओरिगामी, डेकोपेज (किसी वस्तु पर विशेष कलर इफेक्ट, सजावटी चीजों के साथ रंगीन कागज के कट आउट चिपकाकर उन्हें सजाने की कला) जैसी कलाएं सीखने में बहुत मजा आएगा। जब तुम कोई नई स्किल, भाषा या आर्ट सीख लोगे तो स्कूल खुलने पर अपने दोस्तों के सामने उसका प्रदर्शन करके अपना इंप्रेशन भी जमा सकोगे और टीचर भी खूब शाबासी देंगे। तो बच्चों, यहां दिए गए आइडियाज में से कोई भी आइडिया सेलेक्ट करके तुम आने वाली समर वेकेशन को खूब क्रिएटिव और एंटरटेनिंग बना सकते हो। *

कुछ बच्चे बहुत जिज्ञासु स्वभाव के होते हैं। वे किताबें पढ़कर, अपने से बड़ों से सवाल करके अपनी नॉलेज बढ़ाते रहते हैं। हिमानी भी इन्हीं बच्चों में से है। एक दिन उसने अपने दादा जी से सवाल किया कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? दादा जी ने उसे जो जानकारी दी, तुम्हारा जानना भी जरूरी है।

# समुद्र का पानी क्यों होता है खारा

नॉलेज जोन / अशोक जोशी

हिमानी की आदत है, वह स्कूल में सिर्फ अपने टीचर से ही नहीं, घर पर अपने दादा जी या पापा से भी ऐसी जानकारियां लेती रहती है, जिससे उसका ज्ञानवर्धन हो। हिमानी का स्वभाव अपनी हर जिज्ञासा को शांत करना है। कई दिनों से उसके दिमाग में एक प्रश्न कौंध रहा था कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? आज उसने अपने दादा जी से यह सवाल पूछ ही लिया। हिमानी ने जानना चाहा, 'दादा जी, सारी नदियां जाकर समुद्र से मिलती हैं। नदियों का पानी मीठा रहता है, जबकि सारी नदियों का पानी समाहित करने वाले समुद्र का पानी खारा होता है। मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन नदियों और सागर का संगम खारा क्यों?'



दादा जी मन ही मन हिमानी के इस प्रश्न पर खुश हुए फिर बोले, 'शाबास बेटा, तुम जिस तरह अपनी नॉलेज बढ़ाने के लिए प्रश्न पूछती रहती हो, यह बहुत अच्छी बात है।' एक पल रुककर दादा जी आगे बोले, 'हां, हिमानी बेटा मैं भी यही मानता हूं कि मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन इस मेल-जोल में किसी तरह की मिलावट नहीं होनी चाहिए। जब नदियां अपने स्रोत से निकलती हैं तो मीठी और साफ ही होती हैं। लेकिन समुद्र तक पहुंचते-पहुंचते रास्ते में इनमें कारखानों से निकलने वाली गंदगी और हमारे द्वारा डाले जा रहे कचरे के कारण ये गंदी हो जाती हैं। जब समुद्र में नदियों के साथ इतनी अशुद्धियां और इतनी गंदगी और प्रदूषण आता है तो इसका खारा होना स्वाभाविक ही है। यह तो हमारे समझने की बात है। लेकिन यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो महासागरों और समुद्रों के पानी में सबसे अधिक क्लोरीन और सोडियम के आयन मौजूद होते हैं। ये दोनों आयन मिलकर महासागरों में घुले आयनों का 85 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इसके बाद मैग्नीशियम और सल्फेट 10 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इनके अलावा बाकी आयनों की मात्रा बहुत कम होती है। इसलिए, हमें समुद्र का पानी हमेशा खारा लगता है। दूसरा कारण खारे पानी का यह है कि समुद्रों में सबसे ज्यादा नमक नदियों से आता है। कहा जाता है कि बारिश का पानी थोड़ा अम्लीय होता है, जब यह पानी जमीन की चट्टानों पर पड़ता है, तो उसका अपरदन कर देता है, इससे बनने वाले आयन नदी के रास्ते समुद्रों में मिल जाते हैं। इससे समुद्र का पानी खारा होता रहता है।' दादा जी ने हिमानी से पूछा, 'क्या तुम बता सकती हो कि दुनियाभर के समुद्रों में कितना नमक होता होगा?'

'नहीं दादा जी..।' हिमानी ने ना में सिर हिला दिया। दादा जी ने बताया, 'अमेरिका के नेशनल ओशियानिक और एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार यदि सभी समुद्रों से पूरा नमक निकाल कर जमीन पर फैला दिया जाए तो उसकी परत 500 मीटर ऊंची हो जाएगी।' 'अरे बाप रे!' कहते हुए हिमानी ने आश्चर्य से अपनी आंखों की पुतलियां घुमा दीं, जिसे देखकर दादा जी को हंसी आ गई। हिमानी भी दादा जी के साथ हंस पड़ी। *



## जीके क्विज-101

1. पिछले दिनों आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ने सबसे कम उम्र में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया?
3. अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कब मनाया जाता है?
4. किस अंग्रेज को मुगल शासक जहांगीर ने 'खान' की उपाधि से सम्मानित किया था?
5. भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. एक्स-रे की खोज किस भौतिक वैज्ञानिक ने की थी?
8. भारतीय संविधान सभा के पहले अंतरिम अध्यक्ष कौन थे?
9. 'भारत-भारतियों के लिए', यह नारा किस महापुरुष ने दिया था?
10. संसार का सबसे छोटा पक्षी कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-101 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-100 का उत्तर :** 1. मीराबाई चानू, 2. 24 अप्रैल, 3. गगनशक्ति-2024, 4. लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो, 5. मंगूभाई सी. पटेल, 6. ईरान, 7. शुक्र, 8. नाइट्रस ऑक्साइड, 9. ऑर्निथोलॉजी, 10. अबुल फजल

**जीके क्विज-100 का सही उत्तर देने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, शिवाय-भोपाल, येणु-धमतरी, कबीर-हिसार, रश्मि-जबलपुर, ईशान-अहमदाबाद, तानिया-धमतरी, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, वेदांत-मेल से, पाखी-बिलासपुर, नितिन-कोरबा

## हंसगुल्ले

**मम्मी** : खरगोश और कछुए की कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?
**गोलू:** मम्मी, यही कि रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए।
-अंकेश, रायपुर

**टीचर** : पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद क्या हुआ?
**राजू** : सर, इतिहास की किताब में रटने के लिए एक और चैप्टर बढ़ गया।
-शांतनु, भिलाई

**टीचर** : बताओ, अंग्रेजों के खिलाफ पहली क्रांति कब हुई थी?
**रोनित** : सर, मुझे कैसे पता होगा? मैं तो उस वक्त था ही नहीं।
-नेहा, भोपाल

**साइंस टीचर** : बच्चों, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल** : सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?
-ज्योत्सना, रोहतक



कहानी
हरीशचंद्र पांडे

रोनित ने रविवार के दिन घर में रहकर कोई अच्छा काम करने की सोची। जब अच्छा काम करने लगा तो सब उल्टा-पुल्टा होने लगा। उसके कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा है? अंत में उसकी बुआ जी के आने से माजरा एकदम उसके पक्ष में बन गया।

# सबसे प्यारा रोनित!



रोनित सुबह से यही सोच रहा था, आज रविवार है, कोई अच्छा काम करे, लेकिन क्या करे? यही सोचता हुआ वह बिस्तर से उठकर बाहर बरामदे में आ गया। इधर-उधर गौर से देखा, सोच-विचार किया, उसके दिमाग में आया, 'अरे! गमले के पौधे प्यासे हैं, इन्हें पानी दिया जाए।' पास ही नल के नीचे बाल्टी भरी हुई दिखी, उसने तुरंत उसे उठाया और सारा पानी गमलों में डाल दिया। तभी मम्मी जोर से चिल्लाईं, 'अरे! यह पानी तो दादा जी के नहाने के लिए था। गमले में तो मैंने अभी-अभी पानी डाला है। रोनित तुम भी क्या करते रहते हो...!'

'अरे मम्मी! सॉरी...।' कहकर रोनित वहां से सरपट भागा। भागकर पापा के कमरे में आया। वहां देखा, पापा आराम कुर्सी पर बैठकर मजे से टीवी देख रहे हैं। रोनित ने उनको टोका, 'पापा उठिए और सीधे बैठ जाइए। आप तो बहुत गलत ढंग से बैठे हैं। इसीलिए आपकी पीठ और कमर में दर्द रहता है।' 'अरे, बेटा आज रविवार के दिन यह लेक्चर क्यों दे रहे हो? इसी तरह आराम से बैठे रहने दो।' पापा बैठे-बैठे बोले।

'हमारी योगा टीचर कहा करती हैं, यह बैठने का गलत तरीका है। उठिए और सीधे बैठिए।' रोनित ने पापा से फिर कहा।

तभी पापा के मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। वह सीधे खड़े हो गए और टहल-टहल कर बात करने लगे। रोनित की सलाह बेकार चली गई।

रोनित अपने बड़े भैया के पास अजीब-सी शक्ल बनाकर पहुंचा। वह खिड़की से बाहर पड़ोसी चौधरी अंकल के पेड़ के पके-पके अमरूद ध्यान से देख रहे थे। रोनित को लगा, भैया को अमरूद खाना है। वह बोला, 'ओह, मेरे बड़े भैया, मैं कब आपके काम आऊंगा?' यह कहकर वह झट से स्टोररूम में गया, वहां से एक डंडा ले आया। भैया ने मुड़कर देखा, चौंक कर बोले, 'रोनित यह क्या शरारत है?'

वह तुरंत बोला, 'आपके लिए अमरूद तोड़ूं, इसीलिए मैं डंडा लाया हूं।'

'ओहो! तुम्हें पता है यह पेड़ हमारा नहीं है। तब भी तुम डंडा ले आए। कमाल करते हो, लगता है तुम्हारे पास कोई काम नहीं है। चलो, अब यह डंडा वहीं रखो जहां से लाए हो।' भैया ने रोनित को डांटा।

रोनित ने उलटे पैर जाकर डंडा उसी जगह पर रख दिया। तभी उसे अपने बगीचे में माली काका आते दिखे। उसने सोचा, माली काका बहुत बुजुर्ग हैं। अब इनका हाल-चाल पूछ लेता हूं। यह सोचकर वह बाहर आया और झुककर नमस्ते कर के बोला, 'नमस्ते माली काका, आप कैसे हैं?'

माली काका को हंसी आ गई। वह रोनित से बोले, 'अरे अच्छे हैं बेटा।'

'अच्छा, आप सचमुच बहुत अच्छे हैं।' एक पल रुककर रोनित ने फिर पूछा, 'कैसे हैं माली काका आप, अच्छे हैं ना?'

'अरे बिटवा तुम्हें क्या हो गया है? बार-बार काहे हाल-चाल पूछ रहे हो, चलो हमको काम करने दो।' हंसते हुए यह कहकर माली काका अपने काम में लग गए।

रोनित अब पहुंचा अपने दादा जी के पास। वह चुपचाप बैठे थे। रोनित उनकी खामोशी की वजह समझ गया। वह दादा जी से बोला, 'अच्छा तो आपने फिर से मम्मी-पापा से छुपकर चीनी खाई है।'

'अरे रोनित, क्या बोल रहे हो! तुम्हारे मम्मी-पापा सुन लेंगे तो आफत कर देंगे। जरा धीरे से बोलो।' दादा जी मुंह पर अंगुली रखते हुए बोले।

रोनित आहिस्ता से बोला, 'हां... हां... आपने जरूर चीनी खाई है, शुगर बढ़ गई है, इसीलिए चुपचाप बैठे हैं। है ना दादा जी!'

दादा जी को डर था कि रोनित के मम्मी-पापा चीनी वाली बात सुन ना लें। इसलिए वह रोनित से बोले, 'अब तुम चुपचाप ही बैठो तो सही रहेगा।'

'तो ठीक है दादा जी, मैं अब चुपचाप ही रहता हूं। आज सुबह जब से जागा हूं, तब से कोई मेरी सुन ही नहीं रहा।' रोनित चुपचाप एक ओर जाकर बैठ गया।

'अरे, मैं तो सुन रही हूं।' किसी ने पीछे से थपकी दी। रोनित ने मुड़कर देखा, सामने बुआ जी खड़ी हुई थीं। वह जोर से चहका, 'अरे बुआ जी आप..!'

'अरे हां रोनित, तुमने कितनी प्यारी चिट्ठी लिखी थी। मैं उसे पढ़ते ही यहां आ गई। बेटा, तुम हो सबसे प्यारे और यह देखो मैं तुम्हारे लिए टी-शर्ट लाई हूं। देखो, इसमें क्या लिखा है, सबसे प्यारा रोनित।'

'वाह! थैंक क्यू मेरी प्यारी बुआ!' खुशी से उछलते हुए रोनित बोला।

घर के लोग रोनित की बुआ जी के आने से बहुत खुश थे। रोनित अपनी बुआ जी के साथ बैठकर मीठी गपशप में लग गया था। परिवार के लोग भी बैठे उनकी बातें हंसते हुए सुन रहे थे। *

कविता
इंद्रजीत कौशिक



## फुग्गे

फुग्गे वाला फुग्गे लेकर
जब मेले में आया,
ले-लो, ले-लो फुग्गे ले लो
कह कर के चिल्लाया।
नीले, पीले, हरे, गुलाबी
कुछ का रंग था लाल,
बन मतवाले झूम रहे थे
फुग्गे बड़े कमाल।
बच्चों ने जब फुग्गे देखे
झटपट दौड़े आए,
एक नहीं दो-दो लेकर के
मन ही मन हर्षाए।
लेकर फुग्गे बच्चों ने जब
उन्हें हवा में छोड़ा,
ऐसे उड़े हवा में वे तो
जैसे चेतक घोड़ा।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दिख रहे दो चित्रों में 6 अंतर मौजूद हैं। इन दोनों चित्रों को ध्यान से देखो और पांच मिनट में सभी अंतर खोजो।



उत्तर- 1.बायीं तरफ खड़ी लड़की के बगल में खड़े डॉग का मुंह बंद है।, 2.दाहिनी ओर खड़ी लड़की के साथ वाले डॉगी का दायां हाथ उठा हुआ है।, 3.बीच वाला लैंप-पोस्ट गायब है।, 4.बायीं तरफ से तीसरी बिल्डिंग गायब है।, 5.बीच में खड़े लड़के की दायीं आस्तीन मुड़ी हुई है।, 6.पीछे दायीं ओर खड़े लड़के के बगल में एक डॉगी है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में कई सारे पक्षी दिख रहे हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने पक्षी हैं?




उत्तर-17

## बताओ कौन-सा है जानवर



1
एक डाल से दूसरी डाल पर,
उछल-कूद से मेरा नाता,
नकल करने में हूं उस्ताद,
केला बड़े शौक से खाता।



2
घने बालों वाला मैं प्राणी,
शहद मुझे बहुत भाता।
सुस्तराम सब कहते मुझे,
खिलौनों से मेरा है नाता।

3
रेगिस्तान का जहाज हूं मैं,
कम पानी में करता गुजारा।
विशालकाय है मेरा शरीर,
उस पर है इक कूबड़ न्यारा।

4
उम्र मेरी लंबी बहुत,
शरीर वज्र सा मजबूत।
धीमी गति से चलता मैं
निरंतरता का देता सुबूत।

-डॉ. अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1. बंदर 2. भालू 3. ऊंट 4. कछुआ


MARUTI SUZUKI ARENA
DZIRE
बढ़ें एक नई दुनिया की ओर
DZIRE
दी स्ट्राइकिंगली, बोल्ड फ्रंट फेसिया
स्टाइलिश एण्ड स्पेशियस इंटीरियर
क्रूज़ कंट्रोल
BEST IN CLASS MILEAGE**
MANUAL 22.41# km/l
AUTOMATIC^ 22.61# km/l
एडवांस के सीरीज पेट्रोल इंजन
100%^^ ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
BENEFITS UP TO ₹35 000*
DZIRE
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
महामाया ऑटोकार्स प्रा.लि.
अम्बिकापुर: 9516609614, 9516609603. मनेन्द्रगढ़: 9516609622.
बैकुंठपुर: 9516609608. पत्थलगांव: 9516609616. सूरजपुर: 9516609607.
सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
बिलासपुर: पुराना बस स्टैण्ड, 70898 88881. मुंगेली: 95222 00991. कोरबा: 70898 88882.
जाजगीर: 95222 00990. कटघोरा: 76939 41111. सक्ती: 95222 00997. रायगढ़: 70898—88883.
सारगंढ़: 95222 00993. खरसिया: 95222 00994. शिवरीनारायण: 7692031111.
एम स्क्वायर मोटर्स
बिलासपुर: ट्रांसपोर्ट नगर, परसदा
62626 22502, 62626 22503, 62626 22506. पेंड्रा: 6262622509.
अकलतरा: 6262622512. घरघोड़ा: 62690 02112/62626 22511.
*Offer includes consumer offer, exchange bonus, institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. ^^Up to 100% on road funding is provided by select financiers only. *^^Terms and conditions apply. Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. **As per SIAM. #As certified by Test agency under Rule 115(G) of CMVR 1989. ^Auto Gear Shift. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 30th April, 2024.

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल बैस ने किया ब्रोशर का विमोचन

**रायपुर।** लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रसिद्ध कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास के अपने-अपने राम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के ब्रोशर का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अपने निवास रविनगर में बुधवार को किया। इसी दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को इस आयोजन के लिए न्योता भी दिया। ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम में मनमोहन सिंह चावला, जय दुबे, लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव के अध्यक्ष सुभाष राठी, द्वारका साहू, रायपुर होम्स के संरक्षक मनीष राज सिंघानिया, उमेश राठी, डॉ. नीता शर्मा, नरेंद्र, सुदीप श्रीवास्तव, रूबी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### आयुर्वेद कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर।** श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया। इसी दौरान छात्रों ने पोस्टर, फ्लैक्स एवं जागरूकता व्याख्यान के माध्यम से डगनिया बाजार एवं सुंदरनगर बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया और आगामी 7 मई को मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अभियान में कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. आराधना कंडे, डॉ. कुलदीप साहू, डॉ. खरांजलि जांगड़े, डॉ. मनीष पटेल एवं डॉ. खुशबू कारटे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शदाणी दरबार में डॉ. कमलेश का सम्मान

**रायपुर।** शदाणी दरबार में प्रथम सतगुरु संत शदाराम साहिब के जन्मोत्सव के अवसर पर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने मैट्स यूनिवर्सिटी के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला के सह प्राध्यापक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया को उनके उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर इस्कॉन टेम्पल, वृंदावन के प्रसिद्ध गीता प्रवचक स्वामी सार्वभूमा महाराज ने भी सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डॉ. कमलेश गोगिया ने एक ट्रांस के जीवन संघर्ष और उसकी आध्यात्मिक यात्रा पर केंद्रित पुस्तक आईएम रवीना लिखी है। साथ ही डॉ. गोगिया के शोधपत्रों एवं शोध आलेखों का प्रकाशन अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में होता है। डॉ. गोगिया ने संतों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया।

### वाट्स एप पर मांगी अनुमति फिर अंतिम संस्कार

**रायपुर।** कोरोना काल में मृत तीन व्यक्तियों के शवों का अंतिम संस्कार गुरुवार को कर दिया गया। तीनों मृतकों की मृत्यु तीन वर्ष पूर्व कोरोना काल में हुई थी। पहचान नहीं हो पाने तथा मृतकों के परिजनों के सामने नहीं आने के कारण तीनों के शव आंबेडकर अस्पताल की मर्चुरी में ही पड़े रहे। मामला सामने आने के बाद प्रशासन द्वारा जांच टीम बनाई गई। मृतकों की पहचान होने के बाद उनके परिजनों से संपर्क किया गया तथा अनुमति लेकर अंतिम संस्कार किया गया। जहां मृतकों के परिजन रहते हैं, वहां के पटवारियों द्वारा अनुमति पत्र लिया गया। जिला प्रशासन द्वारा व्हॉट्सऐप पर ये अनुमति पत्र मंगाए गए। इसके आधार पर गुरुवार को कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए अंतिम संस्कार किया गया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर आज कोविड-19 से तीन मृतकों का देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम, मेकाहारा, पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रही। पीपीई किट में मिली पर्ची के आधार पर मृतकों की पहचान दुकलहीन बाई, जवार सिंह और पंकज कुमार के रूप में हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुससार, मृतक जवार सिंह शहडोल का रहने वाला था। तंबू लगाकर आयुर्वेदिक दवाइयां बेचने का कार्य करता था। एक अन्य का निवास बलौदाबाजार बताया जा रहा है।


# अंतरजातीय विवाह का बढ़ा क्रेज, महीने भर में 300 से ज्यादा शादियां

## आर्य समाज में 275 से अधिक विवाह, कलेक्टोरेट कोर्ट में एक दिन में 11 जोड़ों का विवाह

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शादी का सीजन चल रहा है। इस सीजन में जहां बड़ी संख्या में अरेंज मैरिज हो रही है, वहीं अंतर्जातीय विवाह का क्रेज भी देखा जा रहा है। राजधानी रायपुर में चालू माह में अब तक 3 सौ से ज्यादा अंतर्जातीय विवाह हो चुके हैं। इनमें शहर के अलग-अलग इलाकों में संचालित आर्य समाज संस्था के साथ कलेक्टोरेट कोर्ट में भी शादियां हुई हैं। इन शादियों में कहीं वर या वधु पक्ष का एक परिवार शामिल हो रहा है, तो कहीं दोनों पक्ष के परिवार भी शामिल हो रहे हैं। जिस शादी में सिर्फ एक पक्ष का परिवार शामिल हो रहा है, उनमें दूसरे पक्ष से गवाह के रूप में परिचित लोग शामिल हो रहे हैं। विवाह आर्य समाज में रीति-रिवाज के साथ जोड़े के फेरे लगवाए जा रहे हैं, वहीं कलेक्टोरेट कोर्ट में वर-वधु घोषणापत्र पढ़कर एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी कर रहे हैं। शादी के बाद दोनों जगह विवाहित जोड़ों को शादी का प्रमाणपत्र दिया जा रहा है।

आर्य समाज शहर में कई जगहों पर संचालित है। इनमें प्रमुख रूप से बैजनाथपारा, झंडा चौक संजय नगर,



संतोषीनगर, सिद्धार्थ चौक, टाटीबंद, कचहरी चौक, रायपुरा शामिल है। बैजनाथ पारा आर्य समाज के प्रबंधक संतोष राव महाडिक ने बताया कि अप्रैल माह में विवाह का सीजन चल रहा है। इस सीजन में अब तक उनके संस्थान में लगभग एक सौ से अधिक विवाह हो चुके हैं, वहीं 30 अप्रैल तक 20 से 30 विवाह के लिए बुकिंग हो चुकी है। उन्होंने बताया कि संस्थान में जातीय और अंतर्जातीय दोनों विवाह कराए जाते हैं, लेकिन ज्यादातर अंतर्जातीय विवाह के लिए जोड़े आते हैं। इनमें कई जोड़ों के साथ वर-वधु दोनों पक्षों के परिवार आते हैं, किसी विवाह में सिर्फ एक पक्ष का परिवार आता, तो दूसरे पक्ष से परिचित के लोग विवाह की रश्में अदा करने पहुंचते हैं।

कलेक्टोरेट में कोर्ट मैरिज के लिए मंगलवार का दिन तय किया गया है। इसके लिए वर-वधु को कम से कम एक से डेढ़ महीने पहले आवेदन देकर शादी की पूरी प्रक्रिया करनी होती है। कलेक्टोरेट में इस हफ्ते में एक साथ 11 जोड़ों की शादियां कराई गई हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें ज्यादातर अंतर्जातीय विवाह थे। ज्यादातर विवाह में वर-वधु के दोनों पक्षों के परिवार शामिल हुए, लेकिन कुछेक में एक पक्ष से परिवार की जगह रिश्तेदार व परिचित के लोग शामिल हुए।

कलेक्टोरेट परिसर में दिनभर रहा शादी का माहौल

कलेक्टोरेट कोर्ट में विवाह के कारण दिनभर शादी का माहौल बना रहा। कोर्ट में शादी होने के बाद वर-वधु सहित उसके परिवार व रिश्तेदार कलेक्टोरेट परिसर में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर विवाह की बधाई देते हुए खुशियां मनाते रहे।

### कोर्ट मैरिज का क्रेज बढ़ रहा

कोर्ट मैरिज का क्रेज बढ़ रहा है। कोर्ट में हर महीने 20-30 जोड़े विवाह करने आते हैं। विवाह के सीजन में इसकी संख्या बढ़ जाती है। इस हफ्ते एक दिन में 11 जोड़ों का विवाह कराया गया।

– **निधि साहू,** एडीएम

### माहभर में 100 से अधिक विवाह

शादी का सीजन चल रहा है, इसलिए अप्रैल में अब तक 100 से ज्यादा विवाह कराए गए हैं।

– **संतोष राव महाडिक,** प्रबंधक, आर्य समाज

## 20 प्रवर्तन एजेंसी चुनाव में प्रलोभन रोकने लगातार कर रही कार्रवाई

# चुनावी जांच पड़ताल में पकड़ी जा रही जीएसटी की चोरी, 80 लाख के मोबाइल जब्त

## आयकर विभाग ने 10 करोड़ का वचन पत्र पकड़ा अब तक 114 करोड़ के सामग्री और नकदी जप्त

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी कर चुनाव में प्रलोभन रोकने की कार्रवाई की जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में 20 प्रवर्तन एजेंसी काम कर रही हैं। एजेंसियों द्वारा नकद, शराब, ड्रग्स, कीमती धातु और फ्रीबी और अन्य आइटम पर भी कार्रवाई की जा रही है। राजधानी रायपुर में चुनावी जांच में जीएसटी चोरी के मामले भी सामने आ रहे हैं। केंद्रीय जीएसटी की टीम ने करीब 80 लाख रुपए के मोबाइल सेट पकड़ा। मामले में लीगल कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण इसे जब्त कर लिया गया है।

प्रदेश में चुनाव आचार संहित लागू होने के बाद प्रदेश में 20 प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक अन्य आइटम के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने के मामले में कार्रवाई कर 41.40 करोड़ की फ्रीबी और अन्य सामग्री पकड़ी है। राजधानी रायपुर में केंद्रीय जीएसटी की टीम ने 80 लाख के मोबाइल को पकड़ कर सीज किया है। बताया जा रहा है कि लीगल दस्तावेज न होने के कारण इसका चुनाव में इस्तेमाल न हो, इसे लेकर इसे सीज किया गया है। वहीं केंद्रीय और राज्य जीएसटी विभाग ने रायपुर और दुर्ग पान




मसाला प्रोडक्ट में जीएसटी चोरी के मामले 8.62 करोड़ रुपए के पान मसाला प्रोडक्ट को सीज किया है। चुनाव के दौरान हो रही जांच में कई चौकाने वाले प्रकरण भी सामने आ रहे हैं। आयकर विभाग को रायपुर में नकद राशि के अलावा 10 करोड़ रुपए की प्रॉमिसरी नोट (वचन पत्र) भी मिले हैं। प्रॉमिसरी नोट्स में एक पक्ष द्वारा भविष्य में किसी तारीख पर पैसे का भुगतान करने का लिखित वादा किया जाता है। आयकर विभाग इसे जप्त कर इसकी जांच कर रहा है। इसके अलावा आयकर विभाग ने रायपुर से 1.53 करोड़ नकद और दुर्ग से 2.64 करोड़ नकद राशि बरामद की है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई में 17.46 करोड़ नकद पकड़ा गया है। इनमें पुलिस विभाग द्वारा जांच के दौरान 3.19 करोड़ और आयकर विभाग ने 8.35 करोड़ रुपए की नकदी पकड़ी है। इसी प्रकार 3.46 करोड़ रुपए की शराब, 31.79 करोड़ के ड्रग्स जप्त किए गए हैं। 18.12 करोड़ रुपए की कीमती धातु और 41.40 करोड़ रुपए के फ्रीबी और अन्य सामग्री जप्त की गई है।

### ये 20 एजेंसी कर रही जांच

लोकसभा चुनाव में चुनाव व्यय की जांच के लिए राज्य में 20 प्रवर्तन एजेंसी के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें शामिल एजेंसियों में पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, आबकारी, सीजीएसटी, डीआरवाई, एनसीबी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आरपीएफ, भारतीय विमानन प्राधिकरण, राज्य विमानन विभाग, एसजीएसटी, राज्य परिवहन विभाग, भारतीय डाक विभाग, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट लेबल बैंकिंग कमेटी, फाइनेशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया शामिल हैं।

# जेईई मेन में एलन करियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट नीलकृष्ण ऑल इंडिया टॉपर

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2024 के परिणाम बुधवार रात को जारी कर दिए गए। परिणामों में एक बार फिर एलन करियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। देर रात तक देखे गए परिणामों में एलन स्टूडेंट ने ऑल इंडिया टॉप किया है, इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के दो वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने ऑल इंडिया टॉप किया है। वहीं रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेस संजय मिश्रा व रैंक-4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे हैं।







जेईई के रिजल्ट्स में एलन ने सफलता के क्रम को बरकरार रखते हुए बेहतर परिणाम दिए हैं। 100 पर्सेंटाइल में 56 स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। शुरुआती परिणामों में टॉप-5 स्टूडेंट्स शामिल हैं। परीक्षा में 14 लाख 76 हजार 557 ने रजिस्ट्रेशन करवाया। इसमें से 14 लाख 15 हजार 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। यह संख्या जेईई-मेन के इतिहास में अब तक सबसे अधिक है। दोनों सेशन में कुल 10 लाख 67 हजार 959 कॉमन विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एलन से बड़ी संख्या में टॉप स्टूडेंट्स ने जेईई-एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है।

### जब तक डाउट क्लीयर नहीं हो जाए, पूछते रहो : नीलकृष्ण

जेईई-मेन में ऑल इंडिया रैंक-01 प्राप्त करने वाले एलन के स्टूडेंट नीलकृष्ण ने बताया कि एक स्टूडेंट को ज्यादा से ज्यादा जानने की इच्छा रखनी चाहिए और जब तक सवाल का हल समझ नहीं आ जाता तब तक पूछते रहना चाहिए। पूछने में शर्म नहीं करनी चाहिए। रोजाना 10 से 12 घंटे सेल्फ स्टडी करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब जेईई एडवांस्ड पर पूरा फोकस है। आईआईटी मुंबई की सीएस ब्रांच से बीटेक करना चाहता हूं।

# किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामविलास साहू के कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस की स्थापना जिन मूल्यों को लेकर हुई थी, पार्टी आज उससे पूरी तरह से भटक चुकी है। उन्होंने कहा, देश के बहु संख्यक हिंदुओं की भावनाओं को कुचलकर हम सब आराध्य भगवान राम की मूर्ति स्थापना का आमंत्रण ठुकरा दिया। उन्होंने धारा 370 के विरोध, अल्पसंख्यक को खुश करने बहुसंख्यक हिंदुओं को अपमानित करना और राजनीति के लिए किसानों के हितों की बात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों की उपेक्षा के कारण कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया।

**श्रीराम का विरोध कांग्रेस के पतन का कारण-श्रीवास्तव**

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, श्रीराम और भारत की अखंडता का विरोध कांग्रेस के पतन का कारण है।

कांग्रेस ने जिस प्रकार से हमेशा से राम मंदिर बनने का विरोध किया, राम के अस्तित्व को नकारा और राम मंदिर बन जाने के बाद उसके आमंत्रण तक को ठुकरा दिया, इससे हर राम भक्त की भावनाएं आहत हुई हैं। उसी का नतीजा है कि कांग्रेस के प्रदेश किसान अध्यक्ष रामविलास साहू ने भी आज कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है।

### 70 साल के बुजुर्गों को भी मिलेगा मुफ्त इलाजः शर्मा

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र में तीसरी बार सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ के साढ़े आठ लाख परिवारों को संभालने की जिम्मेदारी भाजपा लेगी। केंद्र सरकार और भाजपा का छत्तीसगढ़ के 70 साल के 8.50 लाख से अधिक बुजुर्गों से वादा है। मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बनते ही उनका पूरा मुफ्त इलाज आयुष्मान कार्ड के जरिए होगा।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

# 15वें वित्त आयोग से अनुदान की पात्रता के लिए नहीं दिया निकायों ने ब्यौरा

## भारत सरकार बार-बार दिला रही है याद, ट्रेनिंग भी दी है पर नहीं हो रहा है काम

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-24 की अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए राज्य के नगरीय निकायों को भारत सरकार की सिटी फायनेंस पोर्टल पर तीन बिंदुओं के आधार पर जानकारी अपलोड करनी थी, लेकिन अधिकतर निकायों ने यह काम नहीं किया। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त और सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को जल्द से जल्द जानकारी अपलोड करने का आदेश दिया है।

संचालनालय के मुख्य अभियंता की ओर से इस संबंध में सभी निकाय प्रमुखों को पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2023-24 की अनुदान राशि प्राप्त करने की पात्रता हासिल करने के लिए



सिटी फायनेंस पोर्टल पर नगरीय निकायों को तीन बिंदुओं के आधार पर जानकारी अपडेट करनी थी, लेकिन यह काम आज तक नहीं किया गया है।


**देनी है ये जानकारी**

निकायों को सिटी फायनेंस पोर्टल पर जो जानकारी अपडेट करनी है, उसमें निकायों को वर्ष 2022-23 के प्रोविजनल एकाउंट्स एवं 2021-22 के ऑडिटेड एकाउंटस, सर्विस लेबल बेंचमार्क के 28 बेंच मार्क एवं टारगेट की जानकारी, 15 वे वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 की प्राप्त टाइड ग्रांट में से किए गए व्यय की जानकारी शामिल है।

**समय पर जानकारी देने की दी है ट्रेनिंग**

खास बात ये है कि राज्य के नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी (15वें वित्त आयोग) को समय-समय पर जानकारी अतिशीघ्र उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। संचालनालय को कंसलटेंट मेसर्स टिबरीवाल चंद एंड कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार 153 निकायों द्वारा बिंदु क्रमांक एक के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के प्रोविजनल एकाउंट्स तैयार किए गए हैं। यह जानकारी संबंधित अधिकारी को पदमुद्रा सहित हस्ताक्षर के बाद सिटी फायनेंस पोर्टल पर जल्द से जल्द सबमिट करनी है। इसके बाद ही वित्तीय वर्ष 2023-24 की अनुदान राशि भारत सरकार द्वारा जारी की जाएगी। संचालनालय ने ये भी कहा है कि अब तक की स्थिति में निकायों द्वारा सिटी फायनेंस पोर्टल पर आवश्यक जानकारी सबमिट नहीं किए जाने के कारण भारत सरकार द्वारा बार-बार स्मरण कराया जा रहा है।


## शब्द पहेली - 5493



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5492 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5504

✱✱✱✱✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5503 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप

### भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य शामिल हैं।

### ऑडी जून से दो फीसदी तक बढ़ाएगी कीमतें



**नई दिल्ली।** जर्मनी की वाहन विनिर्माता ऑडी ने कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि एक जून 2024 से बढ़ी हुईं कीमतें प्रभावी होंगी।

### अनंत राज का शुद्ध लाभ 47% बढ़कर 41 करोड़

Anant Raj Limited

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी अनंत राज लिमिटेड का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़कर 40.83 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च, 2023 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 27.75 करोड़ रुपये रहा था। मार्च, 2024 तिमाही में उसकी कुल आय 277.99 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 175.81 करोड़ रुपये थी।

# ऑरेकल ने किया दशक के सबसे बड़े डिविडेंड का ऐलान, शेयरों में भी जबरदस्त तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईटी कंपनी के स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को दशक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने का ऐलान कर मालामाल कर दिया है। आईटी सेक्टर की इस कंपनी का नाम है ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर कंपनी ने 240 रुपए के जबरदस्त डिविडेंड का ऐलान करके अपने शेयरधारकों की झोली भर दी है। ध्यान देने वाली बात ये है कि पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड है। इससे पहले कंपनी ने साल 2014 में 485 रुपए के शानदार डिविडेंड का ऐलान किया था। कंपनी ने 240 रुपए के डिविडेंड के लिए 7 मई को रिकॉर्ड डेट फिक्स किया है। ऐसे में जिन शेयरधारकों के पास इस दिन तक शेयर रहेंगे केवल उन्हें ही डिविडेंड का लाभ मिल पाएगा।

- पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड

### कंपनी ने 240 रुपए का जबरदस्त डिविडेंड शेयरधारकों की झोली में डाला

#### ये रही है कंपनी के डिविडेंड की हिस्ट्री

इससे पहले ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर ने साल 2023 को 225 रुपए के डिविडेंड का ऐलान किया था। वहीं साल 2022 में 190 रुपए और साल 2021 में कंपनी द्वारा अपने शेयरधारकों को 200 रुपए बतौर डिविडेंड दिए गए थे। खास बात ये है कि कंपनी 2014 से लेकर अब तक केवल 10 सालों के भीतर कंपनी ने शेयरधारकों को 2100 रुपए का लाभांश बांटा है।




#### कैसे रहे कंपनी के तिमाही के नतीजे

हाल ही में कंपनी ने मार्च 2024 के तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। मार्च की तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफे में करीब एक चौथाई की गिरावट देखी गई है और यह गिरकर 560.10 करोड़ रुपए रह गया है। वहीं कंपनी की आय में मार्च की तिमाही में 11.70 फीसदी की बढ़त के साथ 1,642.40 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। वहीं कंपनी का ईबीआईटी मार्जिन 40 बेसिस प्वाइंट्स बढ़कर 44.70 फीसदी तक पहुंच गया है।

#### शेयरों में आई तेजी

240 रुपए के तगड़े डिविडेंड के ऐलान के बाद से इस आईटी कंपनी के शेयरों में जबरदस्त बढ़त दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर बुधवार को 7362.65 रुपये पर बंद हुए थे। आज मुनाफावसूली के कारण कंपनी के शेयरों में 113.90 रुपए की कमी देखने को मिल रही है यह फिलहाल 7,248.75 रुपए पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में 112 फीसदी की जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और यह एक साल में 3832.80 रुपए तक बढ़ चुके हैं।

### कंपनी निवेशकों से 18,000 करोड़ जुटाने में रही सफल

# वोडाफोन आइडिया को मिली नई जिंदगी करेगी स्मार्ट वापसीः कुमार मंगलम बिड़ला

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारी कर्ज बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के जरिये 18,000 करोड़ रुपये का बड़ा कोष जुटाने में सफलता हासिल की है। वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है।

- वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है
- कंपनी ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम लाया
- वोडाफोन आइडिया भारी कर्ज के बोझ से दबी है

#### कंपनी 5जी सेवाओं पर ध्यान देगी


बिड़ला ने एफपीओ शेयरों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा कि दूरसंचार कंपनी अपना नेटवर्क बढ़ाने, इसे सघनता देने और चुनिंदा 5जी सेवाओं की पेशकश पर ध्यान केंद्रित करेगी।

#### जुटाई रकम कारोबार में खर्च की जाएगी

चेयरमैन ने इसे वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के लिए दूसरी जिंदगी 'वीआई 2.0' की शुरुआत बताते हुए कहा कि जुटाई गई रकम का कारोबार में निवेश किया जाएगा, जिससे वृद्धि का चक्र शुरू होगा। बिड़ला ने समारोह में कहा, 'वीआई एक स्मार्ट वापसी करेगी। यह पल वीआई 2.0 की शुरुआत का प्रतीक है।'

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना उसके लिए एक 'नई जिंदगी' है और यह कंपनी एक 'स्मार्ट' वापसी करने में सफल रहेगी।






!dea

*बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी : यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी, बिड़ला ने सकारात्मक अंदाज में जवाब दिया। 'यह कंपनी के लिए एक तरह से नया जीवन है।' इसके साथ ही बिड़ला ने वीआईएल के लिए यहां तक का सफर सुनिश्चित करने और दूरसंचार बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करने के लिए सरकार के सुधार पैकेज को भी श्रेय दिया।*

#### कंपनी के पास 8000 मेगाहट्र्ज से अधिक स्पेक्ट्रम

बिडला ने वीआई को 'राष्ट्रीय संपत्ति' बताते हुए कहा, '1.4 अरब लोगों का देश तीन निजी दूरसंचार कंपनियों का हकदार है। यह 21.5 करोड़ लोगों को सेवा देती है और उसके पास 8,000 मेगाहट्र्ज से अधिक स्पेक्ट्रम है।' बिड़ला ने संवाददाताओं से बातचीत में इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बिक्री की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

#### बिडला समूह ने 1.70 लाख करोड़ किया निवेश

चेयरमैन ने कहा कि वीआई के प्रवर्तकों वोडाफोन और आदित्य बिड़ला समूह ने अब तक इसमें 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और पिछले पांच वर्षों में कंपनी में आए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश में से तीन-चौथाई प्रवर्तक कंपनियों से ही आए हैं। उन्होंने कहा कि वोडाफोन आइडिया का कुल कर्ज अब 4,000 करोड़ रुपये ही रह गया है।

#### कंपनी ने मुश्किल दौर पार कर लियाः खारा

इसी कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि बैंक अधिकारियों ने इस कंपनी से संबंधित मुश्किल दौर और चिंताओं को पार कर लिया है। उन्होंने दूरसंचार कंपनी में भरोसा और यकीन दर्शाने के लिए बिड़ला को श्रेय दिया।

# बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स एक बार फिर 74,000 के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई



- सेंसेक्स में 487 और निफ्टी में 168 अंक की बढ़त
- बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी रही

बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ।

बीएसई में शुरुआती कारोबार में बिकवाली का जोर रहा लेकिन बाद में यह उबरकर बढ़त लेने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है जिसमें बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तेजी के इस दौर में सूचकांकों ने करीब 2.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। स्टॉक्सबॉक्स में तकनीकी एवं डेरिवेटिव विश्लेषक अवधूत बागकर ने कहा, एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों ने बाजार को कमजोर शुरुआत दी।

#### एक्सिस बैंक ने लगाई छह फीसदी की छलांग

सेंसेक्स के समूह में शामिल एक्सिस बैंक ने छह प्रतिशत की लंबी छलांग लगाई। बैंक के सकारात्मक तिमाही नतीजे से उसे निवेशकों का समर्थन मिला। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, नेस्ले, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल भी बढ़त के साथ बंद हुईं।

#### कोटक महिंद्रा में रही गिरावट

रिजर्व बैंक ने आईटी मानकों का बार-बार उल्लंघन किए जाने पर कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल रोक दिया है। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, बजाज फाइनेंस, मारुति और एशियन पेंट्स के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### राहुल, बिड़ला, हेमा...

डी.के. शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस), कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जनता दल-सेक्युलर) प्रमुख उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। वहीं भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से लगातार तीसरी जीत की उम्मीद लगाये हुए हैं। कुल 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर पिछले शुक्रवार को हुए पहले चरण के मतदान में लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ। शुक्रवार को दूसरे चरण के बाद केरल, राजस्थान और त्रिपुरा में चुनाव संपन्न हो जाएंगे। वहीं 19 अप्रैल को पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (पांच), अरुणाचल प्रदेश (दो), मेघालय (दो), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (एक), मिजोरम (एक), नगालैंड (एक), पुडुचेरी (एक), सिक्किम (एक) और लक्षद्वीप (एक) में चुनाव संपन्न हो चुका है। लोकसभा चुनाव 2019 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने इन 89 सीट में से 56 और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने 24 सीट पर जीत हासिल की थी। इनमें से छह सीट परिसीमन के बाद सामने आयी हैं। केरल में, 2,77,49,159 पात्र मतदाताओं में से पांच लाख से अधिक मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। राहुल, वायनाड से मौजूदा सांसद हैं और उनका मुकाबला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की एनी राजा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के के. सुरेंद्रन से है। शशि थरूर, चौथी बार तिरुवनंतपुरम सीट से चुनाव मैदान में हैं और उनका मुकाबला भाजपा के चंद्रशेखर व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पन्नियन रवींद्रन से है। मथुरा लोकसभा सीट पर 2014 से भाजपा का पताका फहरा रही हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर से हैं जबकि कोटा से दो बार के सांसद ओम बिरला को कांग्रेस के प्रह्लाद गुंजल चुनौती दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत जोधपुर सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारदा से है।

### भूपेश, संतोष, ताम्रध्वज...

भाजपा से पूर्व विधायक भोजराज नाग और कांग्रेस से वीरेश ठाकुर चुनावी मैदान में हैं। चुनाव को लेकर निर्वाचन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। राजनीतिक दलों ने प्रचार समाप्त होने के बाद अपने-अपने पक्ष में महौल बताया है। सुरक्षा बलों की 222 कंपनियां- निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए 222 सुरक्षा बल कंपनियों को लगाया है। वहीं सभी मतदान केंद्रों में मतदान दलों को देर शाम तक पहुंचा दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने बेव कास्टिंग के माध्यम से यहां के आधे मतदान केंद्रों की निगरानी करेगा। केंद्रीय चुनाव आयोग के अलावा राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से फीडबैक लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि तीनों विधान सभा के लिए 8893 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।

### साय बोले- देश...

बांटा, उसके बाद धार्मिक तुष्टिकरण करने के लिए देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का बताया। अब कांग्रेस कह रही है की आगे वो सत्ता में आई तो कानून बना कर लोगों के मरने के बाद उनकी संपत्ति सरकार के जरिए हड़प लेगी। सैम पित्रोदा के बयान ने इसकी पुष्टि की है। यह बेहद शर्मनाक है। श्री साय ने कहा, कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण में इतनी अंधी हो गई है कि वो देश के सनातन परंपरा और परिवार परंपरा पर चोट कर रही है। उनकी मंशा है कि देश के लोगों की जायदाद राजसात कर उसे उनके बीच बांट दें जिनके ज्यादा बच्चे हैं या घुसपैठिए हैं। इस देश और छत्तीसगढ़ की जनता को यह कतई स्वीकार नहीं है।

### शाह की आज...

तीन लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, दो दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बेमेतरा में दोपहर को 3.30 बजे आमसभा होगी। इस सभा में दुर्ग लोकसभा के भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल के लिए श्री शाह वोट मांगेंगे। इस सभा में डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश के मंत्री दयाल दास बघेल, दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के भाजपा विधायक भी उपस्थित रहेंगे। श्री शाह मप्र से यहां आएंगे और सभा के बाद रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

### किरू जल विद्युत...

विद्युत मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी और अग्रणी एनबीएफसी- आरईसी लिमिटेड ने चिनाब घाटी विद्युत परियोजना प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आरईसी, सीवीपीपीएल को सावधि ऋण (टर्म लोन) के रूप में 1,869.265 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

### व्हाट्सएप पर मिलेगी...

एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। इसमें बहुत असरकारक होने की क्षमता है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।

### 2001 में सोना 4400...

कीमत ने बढ़ने की असली रफ्तार 2001 से पकड़ी। तब सोना 4400 रुपए था जो 24 साल में 70 हजार बढ़कर 74 हजार तक पहुंच गया है। बीते चार साल में सबसे ज्यादा कीमत बढ़ी है। सोना लगातार महंगा होता जा रहा है। कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी कि सोने की कीमत इतनी ज्यादा हो सकती है। सराफा कारोबारी भी हैरान हैं कि कीमत इतनी तेजी से कैसे बढ़ रही है। हालांकि सोने की कीमत हमेशा बढ़ती रही है, लेकिन पिछले चार सालों में कीमत ने ऐतिहासिक छलांग लगाने का काम किया है। इसके पहले कभी इतने कम समय में इतनी ज्यादा कीमत नहीं बढ़ी थी।

### 99 रुपए से प्रारंभ...

आया और इतिहास में पहली बार सोना एक हजार के पार होकर 1330 रुपए हो गया। यानी दस सालों में कीमत 1146 रुपए बढ़ी। इसके बाद कीमत ने आगे लगातार इतिहास ही रचा। 1980 से 90 के बीच में कीमत 1870 रुपए बढ़ी। 1990 से 2000 के बीच में कीमत महज 12 सौ बढ़ी।

### तीन डिस्टलरी ने रोकी...

व प्लेन प्रदाय नहीं किया गया है। आबकारी सचिव श्रीमती शंगीता ने कहा कि विभाग ने पहले ही तय कर लिया हैं कि ग्राहकों के मन पसंद के मुताबिक शराब उपलब्ध कराई जाएगी,ऐसी स्थिति में डिस्टलरी द्वारा अपनी पसंद और सुविधानुसार भंडारण भंडारगारों में देशी मदिरा, मसाला व प्लेन का प्रदाय न करना आबकारी शर्तों के अनुबंध के विपरीत हैं।

### पांच लाख तक जुर्माना...

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 31 के अंतर्गत कार्यवाही करने का निर्देश जारी करते हुए कारण बताओ नोटिस दिया है, और सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही सभी जिला आबकारी अधिकारियों को भी निर्देशित किया हैं, किसी भी सूरत में दुकानों में शराब की कमी न हो और अनवरत शराब की सप्लाई दुकानों तक पहुंचे। इसमें इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि ग्राहकों की मांग पर शराब की आपूर्ति हो सके।

### शराब घोटाले में त्रिपाठी...

को सात दिनों के लिए 2 मई तक रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में ईडी एक नया ईसीआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही ईओडब्लू ने अलग से एफआईआर दर्ज की है। शराब घोटाले में ईडी मनी लांड्रिंग को लेकर जांच कर रही है, वहीं ईओडब्लू के अफसर पूरे मामले में आबकारी विभाग के अफसरों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कारोबारियों से साठ-गांठ कर शराब आपूर्ति करने में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने की जांच कर रहे हैं।

### सीजी पीएससी घोटाले की...

का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है।

### साय सरकार ने भी...

धारा 7/7-ए और 12 के तहत पुलिस स्टेशन-अर्जुंदा, जिला-बालोद में दर्ज की गईं थी। (यथा संशोधित 2018) और आईपीसी की धारा 120 बी, 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7/7-ए और 12 के तहत जिला-रायपुर के एसीबी/ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 05/2024 दर्ज किया गया है। (2018 में यथा संशोधित) और ऐसे अपराध (अपराधों) के संबंध में और/या उसी लेनदेन के दौरान किए गए या समान तथ्यों से उत्पन्न किसी अन्य अपराध के लिए कोई भी प्रयास, उकसावे और या साजिश शामिल हैं।

### 170 पदों के लिए...

अधिसूचना के अनुसार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम की धाराओं में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराध संख्या 28/2024 से संबंधित मामलों की खोज और जांच करने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान के सदस्यों की शक्तियों और अधिकार क्षेत्र का विस्तार किया है।

### टुटेजा के खिलाफ ...

निदेशालय के संचार के आधार पर विवादित एफआईआर दर्ज करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन है और यह उस जांच का परिणाम है जो गैर स्थाई और बिना किसी क्षेत्राधिकार के की गई। यह किसी भी अपराध से संबंधित नहीं है। इस मामले में जांच से स्थगन की राहत दी जा सकती है।

### हाईकोर्ट ने ईओडब्ल्यू ...

में कहा गया है कि पूर्व में इस मामले में दर्ज एफआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसलिए एफआईआर और गिरफ्तारी अवैध है।

### हाईकोर्ट से मृत ...

की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी याचिकाकर्ता उक्त मद की राशि का भुगतान प्राप्त करने विभाग का चक्कर काटती रही, लेकिन उसके बाद भी उसे राहत नहीं मिली तब वह विवश होकर अधिवक्ता हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी। जिस पर हाईकोर्ट के जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास के सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए जल संसाधन विभाग के सचिव सहित कार्यपालन अभियंता भारी संयंत्र संभाग जल संसाधन संभाग रायपुर को निर्देशित किया है कि वे रिटायर मृतक शासकीय सेवक की विधवा को उसके पति के सेवाकाल के अवकाश नगदीकरण की राशि का भुगतान आदेश की प्रति प्राप्त करने के 60 दिवस के भीतर करें।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला- गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अधिसूचना (धारा-19)**

क्रमांक/1234/2022–23 पेण्ड्रारोड, दिनांक 01/04/2024

चूँकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि, नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि सड़क निर्माण कार्य गौरेला बायपास मार्ग सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा–19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :–

–: अनुसूची :– 1. भूमि का वर्णन

क – जिला – गौरेला – पेण्ड्रा – मरवाही
ख – तहसील – पेण्ड्रारोड
ग – ग्राम / नगर – टीकरकला
घ – भूमि का क्षेत्रफल – 0.322 हेक्टेयर

| क्रमांक | खसरा नंबर | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 1 | 159/7 | 0.065 |
| 2 | 159/11 | 0.065 |
| 3 | 140/3घ, 143/12 | 0.037 |
| 4 | 140/3ग, 143/11 | 0.037 |
| 5 | 140/3ख, 143/10 | 0.037 |
| 6 | 141/8 | 0.081 |
| | योग–09 | 0.322 |

2. भूमि के नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
लीना कमलेश मंडावी (आई.ए.एस.)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी. 242500030/2

**कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

फा.क्र./संपदा/15/लीज हस्तां./2024 702 कोरबा दिनांक 16/04/2024

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा भूखण्ड के लीज हस्तांतरण/ हकत्याग के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | भूखण्ड का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड | | | | |
| 1 | श्रीमती कृष्णा अरोरा पति स्व. आर. एल. अरोरा, निवासी– एच.आई.जी. ।।/ 70, पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा, जिला– कोरबा (छ.ग.) | श्री पीयूष लाम्बा आ. श्री सरदार सिंह लाम्बा, निवासी – एम.आई.जी. ।।/25, पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा, जिला – कोरबा (छ.ग.) | पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा | भूखण्ड क्र.– एच.आई.जी.II/70 साईज 2324 वर्गफुट |
| 2 | श्री मदन लाल अग्रवाल आ. स्व. प्रभाती लाल अग्रवाल, निवासी– प्लाट नं.– 399, इंदिरा व्यावसयिक सह आवासीय केन्द्र, टी.पी. नगर कोरबा, जिला – कोरबा (छ.ग.) | श्री सतीश चन्द्र ताम्रकार आ. श्री जमुना प्रसाद ताम्रकार, निवासी– महाराणा प्रताप नगर कोरबा, जिला – कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 399 साईज 40'X60'=2400 वर्गफुट |
| 3 | 1/ श्री सतनाम सिंह आ. स्व. महेन्द्र सिंह, 2/ श्रीमती कमलजीत कौर पति स्व. हरविंदर सिंह, 3/ श्री दीप सिंह आ. स्व. हरविंदर सिंह एवं 4/ श्री संदीप सिंह आ. स्व. हरविंदर सिंह, निवासी– पटेल पारा कोरबा, तह. व जिला– कोरबा (छ.ग.) | 1 / श्री सत्यनारायण सोनी आ. श्री रामगुलाम सोनी एवं 2/ श्रीमती सावित्री सोनी पति श्री सत्यनारायण सोनी, निवासी– कृष्णा विहार, जमनीपाली, तह. – दर्री जिला – कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 72 साईज 40'X50'=2000 वर्गफुट |
| 4 | 1 / श्री विनोद कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली, 2/ श्री विनय कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृती कोहली आ. स्व. विमल कोहली (नाबा.) प्राकृतिक संरक्षक श्री विवेद कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली निवासी देवांगन पारा, पुरानी बस्ती कोरबा, तह व जिला – कोरबा (छ.ग.) | 1/ श्री विनोद कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली एवं 2/ कृती कोहली आ. स्व. विमल कोहली (नाबा.) प्राकृतिक संरक्षक श्री विवेद कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली निवासी– देवांगन पारा, पुरानी बस्ती कोरबा, तह. व जिला – कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 166 साईज 40'X50'=2000 वर्गफुट (हकत्याग) |
| 5 | 1/ श्री विनोद कोहली आ. स्व. स्व. गुरदयाल कोहली, 2/ श्री विनय कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृती कोहली आ. स्व. विमल कोहली (नाबा.) प्राकृतिक संरक्षक श्री विवेद कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली निवासी– देवांगन पारा, पुरानी बस्ती कोरबा, तह. व जिला – कोरबा (छ.ग.) | 1/ श्री विनोद कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली एवं 2/ कृती कोहली आ. स्व. विमल कोहली (नाबा.) प्राकृतिक संरक्षक श्री विवेद कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली निवासी– देवांगन पारा, पुरानी बस्ती कोरबा, तह. व जिला – कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 176 साईज 40'X50'=2000 वर्गफुट (हकत्याग) |

नोट :– निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

# आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## बाउंड्री मीटर

1231 चौके


712 छक्के

# टी20 विश्व कप : राहुल बनाम संजू, आवेश-बिश्नोई या अक्षर, हार्दिक का फॉर्म चिंता का कारण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरुआत में टीम का ऐलान कर सकता है।



### पंत की जगह पक्की

आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है।

### पंड्या का लचर प्रदर्शन

*पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पंड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पंड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।*



### फार्म में बुमराह

गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

### आवेश के नाम 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब नौ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं जबकि बिश्नोई ने नौ के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाए हैं। अक्षर ने सात विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### विवाद सुलझाए नहीं तो निलंबन झेले पीएचएफ

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और देश में खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक अपने विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अधिकारी के अनुसार एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों धड़ों के बीच विवाद सरकार की मदद से गुरुवार खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। पीएचएफ को लिखे पत्र में एफआईएच ने 25 अप्रैल की समय सीमा दी थी।

### हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। अक्षर ने कहा, 'एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हर टीम यह सोचकर उतरती है कि उसके पास छह बल्लेबाज या गेंदबाज हैं। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी हो जाता है।'



### रिजवान का इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध

**लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का मई में आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध है क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में भी वे फिटनेस कारणों से बाहर रहे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि रिजवान और युवा बल्लेबाज इरफान खान नियाजी को फिटनेस कारणों से न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी दो मैचों के लिए नहीं चुना गया है। पीसीबी ने कहा कि बोर्ड की मेडिकल पैनल ने स्कैन रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें बाकी दो मैचों से बाहर रखने का फैसला किया।



### पंत-अक्षर की साझेदारी ने अंतर पैदा किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार रन की करीबी जीत दर्ज करने के बाद अक्षर पटेल और कप्तान ऋषभ पंत की सराहना करते हुए कहा कि इनकी बदौलत टीम 20 अतिरिक्त रन जुटाने में सफल रही।



## आईपीएल: 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर केकेआर

# खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स नाइट राइडर्स को आज देगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है। पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है।

केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176 . 54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184 . 52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।

### चार बार बनाए 200+ स्कोर

अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जिसकी वजह से शाहरुख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है। वेंकटेश अय्यर की एकमात्र बल्लेबाज हैं जो खराब फार्म में हैं जबकि ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बाहर नीतिश राणा की गैर मौजूदगी से टीम के स्पिन के महारथी बल्लेबाज और उपयोगी आफ ब्रेक गेंदबाज की कमी खल रही है।



### नारायण की सटीक गेंदबाजी

गेंदबाजी में सिर्फ नारायण ही अनुशासित प्रदर्शन कर सके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट सात के इर्द गिर्द रहा है जो 'इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम' के इस दौर में काफी प्रभावी है। वैसे अब नारायण भी पिछले मैच में महंगे साबित हुए हैं। रजत पाटीदार ने उन्हें एक ओवर में दो छक्के लगाए और अब पंजाब के पास फॉर्म में चल रहे दो बल्लेबाज शशांक और आशुतोष हैं।

### पंजाब का शीर्षक्रम फेल

पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि उनके नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें। धवन को अभ्यास सत्र के दौरान फुटबॉल खेलते देखा गया जिससे उनके लौटने की उम्मीद बंधी है।




### टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्धथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसोयू।

## आईपीएल : रजत ने विस्फोटक और कोहली ने खेली संयमित पारी

# बैंगलोर की छह हार के बाद पहली जीत, हैदराबाद को 35 रन से हराया



**हैदराबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर 35 रन से जीत दर्ज की। इससे आरसीबी का लगातार छह मैच की हार का सिलसिला खत्म हो गया। आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया। इस सत्र में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं था। लेकिन सनराइजर्स की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी


रजत पाटीदार (50 रन) की विस्फोटक पारी और विराट कोहली (51 रन) की संयमित अर्धशतकीय पारी खेली। कैमरन ग्रीन ने 20 बॉल पर नाबाद 37 रन बनाया, जबकि कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 25 रन का योगदान दिया। जयदेव उनादकट ने तीन विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस, टी नटराजन और मयंक मारकंडे को एक-एक विकेट मिला। आरसीबी को इस परिणाम की जरूरत थी जिसे अपने पहले आठ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की यह आठ मैच में तीसरी हार थी।

### हेड सिर्फ एक रन बनाकर आउट

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। सलामी बल्लेबाजी के लिए आए ट्रेविस हेड सिर्फ एक रन बनाकर लौटे। उन्हें विल जैक्स ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर निशाना बनाया। इसके बाद अभिषेक शर्मा 31 रन बनाकर आउट हुए। इस मुकाबले में शाहबाज अहमद ने 40 (नाबाद) और पैट कमिंस ने 31 रन बनाए। इन तीनों खिलाड़ियों के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सका। आरसीबी के खिलाफ मार्क्रम सात, नितीश 13, क्लासेन सात, अब्दुल समद 10, भुवनेश्वर कुमार 13 और उनादकट आठ (नाबाद) रन बना सके।

# युगांडा के खिलाड़ी टी20 विश्व कप में सबसे बड़े मौके के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं।


पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया। रमजानी ने यहां गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा, 'यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं।' साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा।

### दिल्ली के तेज गेंदबाज सलाम को फटकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिये फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

# लिवरपूल की उम्मीदों को झटका...



**लिवरपूल।** एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा, 'मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए।' इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है।

# बिस्माह ने क्रिकेट से लिया संन्यास



एजेंसी ▶▶| कराची

एक चौकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारुफ ने गुरुवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। बाएं हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिए 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिए।बिस्माह ने 50 ओवरों के चार विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022) खेले और 2022 में टीम की कप्तान भी रहीं । उन्होंने टी20 क्रिकेट में 2009 से 2023 के बीच आठ विश्व कप खेले और 2020 तथा 2023 में टीम की कप्तान रहीं।

**1X60 MW POWER PLANT OF ACB (INDIA) LIMITED, RENKI**

**Request for Proposal**

Ref. No: ACBIL/1X60/CIVIL/2124-25/30

**Description:**

We, ACB (India) Limited, 1x60 MW TPP Village- Renki, Post Office-Chainpur. Tehsil- Pali, District-Korba, Chhattisgarh. Our daily ash (Fly Ash and Bottom Ash) generation is approximately 1200 to 1600Metric Tonnes (approx. 31558 MT monthly).

Through Advisory dated 15th March 2024, Ministry of power has directed to the Thermal Power Plants for sale of dry Fly Ash to Micro and Small Enterprises engaged in ash based product manufacturing through 'limited auction' and for sale of Ash (Dry Fly Ash, Bottom Ash and Pond Ash) among all users of ash as per MOEF&CC notification dated 31.12.2021 and its subsequent amendments till date The floor price (Reserve Price) for the 'limited auction' of dry fly ash for Micro and Small Enterprises shall be of Rs 1.00 (one) per Metric Tonne (MT), the floor price for the 'Open auction' of Fly ash Rs:-1.0(One) per Metric Tonne (MT) and for Bottom Ash shall be Rs1.0(One) per Metric Tonne (MT).

Therefore, to comply with the guideline of Ministry of Power, We, ACB (India) Limited, 1x60 MW TPP Village- Renki, Post Office-Chainpur, Tehsil-Pali, District- Korba, Chhattisgarh, wish to sale to the end users, the above mentioned quantity of fly ash (which may be loaded into the dumpers/trucks by deploying pocklain or loaders by the purchasers). The proposals are invited from the interested bidders for above mentioned quantity of ash from our plant located at Village-Renki, Post Office-Chainpur, Tehsil-Pali, District-Korba, Chhattisgarh.

Interested bidders may submit their offers in sealed envelope, super-scribing "Ref.No:_ACBIL/1X60/CIVIL/2124-25/30 on left hand top of the envelope and mentioning details of required quantity (MT) and proposal rate in Rupees per MT at the below mentioned address on or before closing time and date

**Closing date and time for submission of proposal:** 15.05.2024 at 17.00 Hrs

**Contact Person** Hement Rathor
**Contact No** 9406255591
**E-mail** svpl.instrumentation@acbindia.com
**Address** ACB (India) Limited 1x60 MW TPP Village-Renki, Post Office Chainpur Tehsil-Pali District-Korba Chhattisgarh

**- S/d-**
**ACB (India) Limited**
**(1x60 MW TPP) RENKI**

# हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम


1 श्रीमति साधना जायसवाल, कल्पना विहार नेहरू नगर 2 श्रीमति विश्वन्तीन निषाद, बटालियन रोड सकरी 3 धर्मेन्द्र कुमार वर्मा , कालिका नगर तिफरा 4 अंशुज दास मानिकपुरी, अभिषेक विहार फेस - 01, डी- 33, मंगला 5 कुसुम अग्रवाल, पेण्ड्रा 6 योगेश कुमार साहू तेलीपारा बिलासपुर 7 शैलेन्द्र सिंह राजपूत, शैलेन्द्र सदन सांई नगर उस्लापुर 8 प्रियंका खोब्रागढ़े, रमजानी बाबा मजार के पीछे तालापारा 9 विष्णु कांत गुप्ता, कपिलनगर सरकण्डा 10 श्रीमति अनिता शुक्ला, शिवघाट पुराना सरकण्डा 11 हरिनारायण सोनछत्र, शास्त्री नगर सरकण्डा 12 राजकुमारी शर्मा, नया सरकण्डा बंगाली पारा गली नं. - 4 13 गीता प्रकाश शुक्ला, पोस्ट हिर्री, 14 उमा टंडन, उस्लापुर 15 अरिन्दम डे वार्ड - 45, हेमूनगर 16 संतोष कुमार कोरी, शा.उ.मा. शाला कुदुदण्ड 17 विमल नौरंग, निलयम पुलिस तिफरा 18 मंजू बंजारे, तेलीपारा मिनि माता नगर 19 संजय कुमार तिवारी, महर्षि स्कूल रोड मंगला 20 साधू राम श्रीवास सांई नगर अमेरी वार्ड नं. - 3, 21 श्रीमति जानकी पाल, उस्लापुर आनंद नगर 22 श्रीमति रामकली क्षत्री, भारतीय नगर रजामस्जिद बिलासपुर 23 घनश्याम पाठक, महेमद बिलासपुर 24 नरेश शर्मा, भारतीय नगर 25 श्रीमति प्रतिमा साहू स्वातिक सिटी खमतराई **बिलासपुर आउटर** 1 श्री अभिषेक कुमार कश्यप , नेवसा जाली रतनपुर 2 अरूण कुमार धरमपुरा मुंगेली 3 अमित केशरवानी महामाई वार्ड सोनार पारा मुंगेली 4 आजू राम ध्रुव, खपरी बेलसरी तखतपुर 5 अरूणा देवी सूर्यवंशी, गुड़ी चौक जरौधा **अंबिकापुर** 1 कमलेश केशरी, परसा 2 नेहा तिवारी , बलरामपुर 3 शिवचरण राम , अमड़ीपारा बलरामपुर 4, जितेन्द्र तिवारी , बलरामपुर 5 श्रीमति सरस्वती भगत, वसुंधरा सन सिटी हाउसिंग बोर्ड रोड अंबिकापुर **जांजगीर** 1 श्रीमति दीपमाला राठौर, बिजली ऑफिस के सामने स्टेशन रोड सक्ती 2 विकास कुमार , सिलादेही ब्लाक बम्हनीडीह जांजगीर 3 रामसाय कश्यप , डोगााकोहरौद 4 सरयू प्रसाद कश्यप देवकिरारी **कोरबा** 1 डिम्पल , बांकी मोंगरा गुरूद्वारा के पास 2 बिनीता सिन्हा, 43/6 बांकी मोंगरा कोरबा 3 नीता बंजारे बांकी मोंगरा पानी टंकी क्वा. नं. - 53/7 4 कमल जीत बनवारी साईड बांकी मोंगरा 5 जुगरी बाई, क्वा. नं. - 72/2 जंगल साईड बांकी मोंगरा **रायगढ़** 1 गुरप्रीत सिंह बग्गा, मकान नं.- 173, वार्ड नं. - 7, जेलपारा सारंगढ़ 2 दुर्योधन भट्ट , स्कूल डीपा कोसमपाली रायगढ़ 3 श्री लक्ष्मीनारायण पचौरी, कोसमपाली , रायगढ़ **कोरिया** 1 पूनम , हल्दी बाड़ी चिरमिरी 2 तरूण कुमार वार्ड नं. - 14, पंखा, दफाई, हल्दीबाड़ी चिरमिरी 3 श्री सुखदेव रावल, वार्ड नं. - 03, दफाई पोड़ी चिरमिरी

सांत्वना पुरस्कार की सूची अगले अंक में देखें

## 1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर सिस्टम लगाना स्वेच्छिक

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग में 13 करोड़ फंसे पानी सहेजने में 50 फीसदी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



शहर के 50 फीसदी लोग वर्षा जल को सहेजने के मामले में गंभीर नहीं हैं। नए मकान व भवन का नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने आवेदकों ने नगर निगम में निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई, पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आज तक नहीं लगा पाये। इसके कारण इन आवेदकों के 13 करोड़ की राशि रेन वाटर हार्वेस्टिंग में फंसी है। पिछले 5 साल में ऐसे लोगों की संख्या 7 हजार से ज्यादा है, जबकि 2,500 निर्माणकर्ता ऐसे भी हैं, जिन्होंने निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर अपनी सुरक्षा निधि वापस लेने में तत्परता दिखाई।

नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत 1,500 वर्गफीट से अधिक आकार के भवन, मकान, व्यावसायिक निर्माण में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा जारी करने से पूर्व आवेदकों से सुरक्षा निधि के रूप में 110 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से राशि जमा कराई जाती है, जो अधिकतम 15 हजार रुपये है, पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने का खर्च इससे दोगुना ज्यादा होने से 50 फीसदी आवेदक वर्षा जल संरक्षण के लिए सिस्टम लगवाने में रुचि नहीं ले रहे। इसकी वजह से पिछले 5 साल में नगर निगम के 13 करोड़ रुपए की सुरक्षा निधि जाम है, जबकि आवेदक द्वारा भवन, मकान निर्माण कार्य पूरा होने के बाद रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम संतोषप्रद ढंग से स्थापित किये जाने की स्थिति में निगम द्वारा निरीक्षण के बाद आवेदकों की सुरक्षा निधि की जमा राशि लौटाई जाती है। इसके उलट यदि आवेदक द्वारा निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया, तो नगर निगम संबंधित आवेदक की जमा सुरक्षा राशि राजसात कर लेता है।

सूत्रों के मुताबिक नगरीय निकाय क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से कम निर्माण पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य नहीं है। मौजूदा व्यवस्था में रायपुर सहित प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में 1500 वर्गफीट से कम क्षेत्र में बने भवनों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने को स्वेच्छिक रखा गया है।

**1 साल पहले निगम ने निकाला था टेंडर, लिस्ट में खामियां, टेंडर निरस्त**

नगर निगम ने साल पूर्व निगम से इंपेनल्ड 31 जियो लॉजिस्ट को जोनवार सूची सौंपकर शहर के 10 जोनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने टेंडर किया। ऐसे जगहों पर जहां भवन, मकान निर्माणकर्ता द्वारा नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई गई, पर निर्माण के बाद भी रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया गया। संबंधित निर्माणकर्ता के यहां रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करने का जिम्मा पंजीकृत भूजल विदों को दिया गया। पर निगम द्वारा तैयार कराई गई सूची में कई तरह की खामियां रही। जिसके कारण जियो लॉजिस्ट को काम करने में खासी दिक्कत आई। जैसे ज्यादातर मकान मालिकों का पूरा पता सूची में दर्ज नहीं था। कुछ जगहों पर मकान मालिक ने ये कहकर सिस्टम लगाने से मना कर दिया कि निर्माण स्थल पर तोड़फोड़ कराना पड़ेगा। कुछ जगह ऐसे भी नाम मिले जिनके मोबाइल नंबर गलत दिये गये थे। इन सब कारणों से टेंडर निरस्त करना पड़ा।

# प्रौढ़ों को पढ़ाने में नहीं है छात्रों की दिलचस्पी

## माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार दसवीं-बारहवीं के 2 हजार 239 छात्रों को देगा बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रौढ़ों को पढ़ाने में छात्रों में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। साक्षरता अभियान के अंतर्गत व्यस्कों तथा बुजुर्गों को साक्षर बनाया जाता है तथा उन्हें लिखना-पढ़ना सिखाया जाता है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की मदद ली जाती है। शाला शिक्षकों से लेकर कोई भी व्यक्ति जो पढ़ना-लिखना जानता हो, वो स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवा दे सकता है। स्कूली विद्यार्थी भी इस अभियान से जुड़ सकें और वे व्यस्कों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हों, इसलिए बोनस अंक का प्रावधान किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कम से कम एक व्यस्क को साक्षर किया हो, उन्हें दस अंक बोनस के रूप में दिए जाने थे। एक भी विद्यार्थी इसका हिस्सा नहीं बने। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जब इस योजना के अंतर्गत बोनस प्राप्त करने के लिए योग्य छात्रों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय से मांगी गई तब सूची में इस कैटेगरी के आगे संख्या अप्राप्त प्रदर्शित की गई। बाद में साक्षरता मिशन का संचालन करने वाले राज्य साक्षरता मिशन से अधिकारियों द्वारा बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि इसके लिए किसी भी छात्र ने आवेदन ही नहीं किया है। माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं में विभिन्न वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। बोनस प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या खिलाड़ी छात्रों की है। 10वीं के 563 तथा 12वीं के 860 खिलाड़ी छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा दसवीं में स्काउट-गाइड के 510 तथा बारहवीं में 236 छात्र हैं, जिन्हें बोनस दिए जाएंगे। विद्याभारती के अंतर्गत 10वीं के 5 और 12वीं के 14 छात्रों को बोनस मिलेंगे। खेल एवं युवा कल्याण के अंतर्गत दसवीं के 30 और बारहवीं के 21 छात्रों को मौजूदा सत्र में बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से दोनों कक्षाओं को मिलाकर 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक मंडल प्रदान करेगा।







# उखड़ी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, मुख्य मार्ग बनाने नहीं मिला फंड



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

जून में बारिश की दस्तक होते ही बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा, अछोली और उरला वार्ड में लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि सपोर्टिंग सड़कों की सुध बिरगांव निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। पाइप लाइन के लिए पुरानी सड़कों को खोदने से मेंटेनेंस भी बेअसर है। सीमेंटेड करने के बाद भी सड़कों का हाल-बे हाल है। फरवरी में 12 मुख्य मार्गों को बनाने के लिए 5 करोड़ के प्रस्ताव को भेजा गया, इसे अभी मंजूरी भी नहीं मिली है।

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में खारुन नदी जल आवर्धन योजना के तहत 104 करोड़ का प्रोजेक्ट खत्म होने की स्थिति में है। इसके कारण खोदी गई सड़कों का बुरा हाल है। ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा होते हुए निमोरा आने-जाने वाले लोगों के लिए बस्ती में बनवाई गई सड़क पाइप लाइन की भेंट चढ़ गई है। इसी तरह ईएसआईसी अस्पताल से सटी बस्तियों में भी सड़कें उखड़ी, टूटी हैं। उरकुरा में नई पानी टंकी क्षेत्र का मुख्य मार्ग बारिश में इस बार भी लोगों के लिए परेशानी की वजह बनने वाला है। नए बसाहट वाले इलाके में बुरा हाल है। वार्ड प्रतिनिधियों ने लोगों की इस परेशानी को देखते हुए कई बार सर्वे भी करवाया, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से 3 हजार से ज्यादा परिवारों की परेशानी बारिश शुरू होने से दोगुनी होने वाली है। इसे देखते हुए सड़क व नाली बनवाने के लिए पार्षद भी दबाव बना रहे हैं।

### 12 मुख्य मार्गों का प्रोजेक्ट अटका

इधर निगम के जिम्मेदारों ने 12 मुख्य मार्गों का डामरीकरण कराने के लिए फरवरी 2024 में प्रस्ताव भेजा है, ताकि दूसरे क्रम में मुख्य मार्गों का निर्माण करवाया जा सके। अभी तक रावांभाठा, उरला, बिरगांव, सरोरा, अछोली में सड़क बनवाने के लिए शासन से बजट भी नहीं मिला है। इससे जून में शुरु होने वाली इस बारिश में लोगों को परेशानी कम होने वाली नहीं है। नई बसाहट वाली आबादी के बीच आने-जाने के लिए सड़क भी कच्ची है। मलबा डालने से अभी आवा-जाही हो रही, बारिश में गाड़ियां फंसती हैं।

### पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा नहीं

सूत्रों ने बताया कि 2023 में 76 स्थानों पर छोटी नालियों की कनेक्टिविटी व बस्तियों में 100-200 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए शासन ने 7 करोड़ 47 लाख की मंजूरी दी। इससे जिम्मेदारों ने काम शुरु करवाया है। अभी तक वार्डों में कितने स्पाट पर काम पूरा हो चुका है, इसकी समीक्षा जिम्मेदारों ने नहीं की है। इससे निर्माण एजेंसियों द्वारा भी चुनावी आचार संहिता को देखते हुए निर्माण के लिए आधे मैन पावर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम के जिम्मेदार चुनाव के बाद समीक्षा बैठक करने की दलील दे रहे हैं।

### सड़कें ही नहीं, नालियां भी बेकार

बिरगांव निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि रावांभाठा, उरकुरा ,उरला और अछोली में मुख्य मार्गों को छोड़कर बस्तियों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें भी उखड़ चुकी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को रात ही नहीं, दिन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सभी वार्डों में वनवे सड़कों का बुरा हाल है। छोटी गाड़ियों की आवाजाही बारिश के दिनों में प्रभावित होती है। प्रतिनिधियों से भी मामले में शिकायत मिल रही है। चुनाव खत्म होने के बाद मामले को लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।

### समीक्षा के बाद बता पाउंगा

अभी उन्हीं सड़कों और नालियों का निर्माण किया जा रहा, जो पहले फेज के प्रोजेक्ट में शामिल हैं। दूसरे क्रम में 12 मुख्य मार्गों को बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव गया है। मंजूरी के बाद प्रोसेस करेंगे। पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद ही कितना काम हुआ है, बता पाउंगा।

– **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव




तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016, 9425229083; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000, 7489026000, 7489025000; Jaswani Honda - 8358065000, 8358063000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012, 9754679867; **BALRAMPUR:** Mahishree Honda - 8085554030; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILASPUR:** Dream Honda - 07752-400957, 07752-409057, 9926802408; Maosaji Honda - 07752-412020, 7024149881; **BILHA:** Sai Honda -9179256022, 9827138322: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099, 7400540099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; DIPKA: Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 07817-222396, 7694011206, 7694011208; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; KC Honda (Champa) - 8319235702; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9406108464, 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 07759-222509, 9479025937, 7987973739; Krishna Korba Honda - 7747015377, 6232103020, 6232103021; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda- 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245, 7898410560; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400, 9300473589; Shanti Auto Honda - 9343609280, 9343609281; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095, 9926684331; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917, 8839264059; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 07752-417070, 417171, 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000..

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com